भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA
अंतरिक्ष विभाग DEPARTMENT OF SPACE
अंतरिक्ष उपयोग केंद्र-इसरो
SPACE APPLICATIONS CENTRE-ISRO
अहमदाबाद AHMEDABAD - 380 015

**सं.: सैक/आरएफपी/02/2025-26**
**No.: SAC/RFP/02/2025-26** **Date: 14/10/2025**

**भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, प्रधान, क्रय एवं भंडार, अंतरिक्ष उपयोग केंद्र, अहमदाबाद, निम्नलिखित के लिए निविदा आमंत्रित करते हैं।**

For and on behalf of the President of India, Head, Purchase & Stores, Space Applications Centre, Ahmedabad invites tender for the following.

| फाइल सं.<br>File No. | संक्षिप्त विवरण<br>Brief Description | नियत तिथि और समय<br>Due Date & Time |
|---|---|---|
| AHHA 202500000801 | **अंतरिक्ष अर्हताप्राप्त रुबिडियम परमाणु आवृत्ति मानक (आरएएफएस) हेतु प्रस्ताव के लिए अनुरोध REQUEST FOR PROPOSAL For Space qualified Rubidium Atomic Frequency Standard (RAFS)** | **14/11/2025; 1500 Hours** |

1. विस्तृत तकनीकी दस्तावेज इसरो वेबसाइट **www.isro.gov.in** और **www.sac.gov.in** पर उपलब्ध है जिसमे विनिर्देश, विक्रेता की पूर्व अपेक्षाओ का उल्लेख है और इसे वेबसाइट से डाऊनलोड किया जा सकता है |The detailed technical document including specifications, pre-requisites that a vendor should possess etc. are available on ISRO website **www.isro.gov.in** & **www.sac.gov.in** and the same can be downloaded from the websites.
2. कृपया अपने विस्तृत प्रत्युतर मोहरबंद लिफाफे में नियत तिथि 14-11-2025 (15.00 Hrs. IST) तक या इससे पूर्व अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर भेजें। Please submit detailed response to the undersigned on or before due date 14-11-2025 (15.00 Hrs. IST) in sealed cover on below address.

**क्रय एवं भंडार अधिकारी Purchase & Stores Officer,**
**निविदा समूह Tender Cell,**
**अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (इसरो) Space Applications Centre (ISRO),**
**जोधपुर टेकरा, आम्बावाडी विस्तार पी.ओ., Jodhpur Tekra, Ambawadi Vistar PO,**
**सेटेलाइट Satellite, अहमदाबाद Ahmedabad – 380015**

3. नियत तिथि बढ़ाने जाने के निवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा | No request for extension of the due date will be considered
4. विलम्ब/देरी से प्राप्त प्रस्ताव स्वीकृत नहीं किए जाएँगे| Late/Delayed offers will not be accepted.
5. कृपया अपने विस्तुत प्रत्युतर **सिर्फ मोहरबंद लिफाफे** में नियत तिथि तक या इससे पूर्व अधोहस्ताक्षरी को भेंजे |
   Please submit detailed response to the undersigned on or before due date in **sealed cover only**.
6. किसी भी तकनीकी पूछताछ के लिए, 079-2691 3056/51, ईमेलः psoe@sac.isro.gov.in पर संपर्क करें।
   For any technical query, contact on 079-2691 3056/51, Email: psoe@sac.isro.gov.in.
7. इन निविदा के लिए शुद्धिपत्र, यदि कोई हुआ तो वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।
   Corrigendum, if any, against this tender will be published on website.

**Sd/-**
प्रधान, क्रय एवं भंडार **Head, Purchase & Stores**

---

**सभी विक्रेताओं को साइट https://gem.gov.in पर जाकर गवर्मेंट ई-मार्केट प्लेस (जेम) पर स्वयं को पंजीकृत करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। All vendors are encouraged to register themselves on Government E-market Place(GeM) portal by visiting https://gem.gov.in**

*अंतरिक्ष अर्हताप्राप्त*
*रुबिडियम परमाणु आवृत्ति मानक*
*(आरएएफएस)*
हेतु
**प्रस्ताव के लिए अनुरोध**

**REQUEST FOR PROPOSAL**
**For**
*Space qualified*
*Rubidium Atomic Frequency Standard*
*(RAFS)*

**अंतरिक्ष उपयोग केंद्र SPACE APPLICATIONS CENTRE**

**भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन INDIAN SPACE RESEARCH ORGANISATION**

**अहमदाबाद AHMEDABAD – 380015**

विषयसूची Table of Contents


| | |
|---|---|
| परिचय Introduction | v |
| प्रलेख का विस्तार Scope of Document | vi |
| प्रदर्श-ए संगठन और परियोजना का संक्षिप्त विवरण<br>EXHIBIT-A Brief Description of Organization & Project | 1 |
| A.1 अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (सैक) Space Applications Centre (SAC) | 1 |
| A.2 भारतीय उपग्रह-समूह के साथ नौवहन Navigation with Indian Constellation (NavIC) | 1 |
| प्रदर्श- बी अंतरापृष्ठ एवं विद्युत, यांत्रिक आवश्यकताएं<br>EXHIBIT-B Interfaces & Electrical, Mechanical Requirements | 2 |
| B.1 अंतरापृष्ठ Interfaces | 2 |
| B.2 प्रकार्यात्मक/निष्पादन विनिर्देश Functional/Performance Specifications | 4 |
| प्रदर्श-सी विश्वसनीयता और गुणवत्ता आश्वासन योजना<br>EXHIBIT-C Reliability & Quality Assurance Plan | 8 |
| C.1 डिजाइन लाइफ Design Life | 8 |
| C.2 आरएएफएस के लिए पर्यावरणीय स्थितियां Environmental Conditions for RAFS | 8 |
| C.3 डिजाइन गुणवत्ता आश्वासन Design Quality Assurance | 11 |
| C.4 पार्ट्स, सामग्री और प्रक्रियाएं Parts, Materials and Processes | 13 |
| C.5 अर्हता एवं परीक्षण दर्शन Qualification & Test Philosophy | 16 |
| प्रदर्श-डी आरएएफएस के लिए परीक्षण अनुक्रम और परीक्षण विवरण<br>EXHIBIT-D Test Sequence & Test Details for RAFS | 19 |
| D.1 परीक्षण अनुक्रम Test Sequence | 19 |
| D.2 परीक्षण विवरण Test Details | 20 |
| D.3 आरएएफएस के लिए परीक्षण मेट्रिक्स Test Matrix for RAFS | 25 |
| D.4 परीक्षण प्रविधि Test Methods | 27 |
| प्रदर्श-ई डिलिवरेबल्स और डिलीवरी अनुसूची<br>EXHIBIT-E Deliverables & delivery Schedule | 29 |
| E.1 रुबिडियम परमाणु आवृत्ति मानक (आरएएफएस)<br>Rubidium Atomic Frequency Standard (RAFS) | 29 |
| E.2 प्रलेखन Documentation | 29 |
| E.3 डिलीवरी अनुसूची Delivery Schedule | 32 |
| E.4 समीक्षाएं Reviews | 32 |
| E.5 सामान्य General | 34 |
| चित्र 1 अंतरापृष्ठ एसीएमयू तथा नौवहन नीतभार 2 के साथ आरएएफएस का ब्लॉक आरेख<br>Figure 1 Interface block diagram of RAFS with ACMU & Navigation payload | 2 |
| चित्र 2 वृत्ताकार एल्यूमीनियम शील्ड के केंद्र में डोज<br>Figure 2 Dose at the centre of spherical aluminium shield | 11 |
| चित्र 3 ताप-निर्वात परीक्षण के लिए रूपरेखा-क्यूएम/पीएफएम | 23 |

| | |
|---|---|
| Figure 3 Profile For Thermo Vacuum Test- QM/ PFM | |
| चित्र 4 ताप-निर्वात परीक्षण के लिए रूपरेखा- एफएम<br>Figure 4 Profile for Thermo Vacuum Test- FM | 24 |
| तालिका 1 आरएएफएस के लिए पर्यावरणीय स्थिति<br>Table 1 Environmental Condition for RAFS | 8 |
| तालिका 2 वृत्ताकार एल्यूमीनियम शील्ड के केंद्र में कुल डोज<br>Table 2 Total Dose at the Centre of Spherical Aluminium Shield | 10 |
| तालिका 3 ईईई-गुणवत्ता स्तर और स्क्रीनिंग आवश्यकताएं<br>Table 3 EEE-Parts Quality Level and Screening requirements | 13 |
| तालिका 4 परीक्षण अनुक्रम<br>Table 4 Test Sequence | 19 |
| तालिका 5 साइन कंपन<br>Table 5 Sine Vibration | 21 |
| तालिका 6 यादृच्छिक कंपन क्यूएम/पीएफएम<br>Table 6 ( Random Vibration (QM/PFM) | 22 |
| तालिका 7 यादृच्छिक कंपन (एफएम)<br>Table 7 (Random Vibration (FM) | 22 |
| तालिका 8 प्रघात स्तर (सभी 3 अक्ष)<br>Table 8 Shock Level (All 3 Axes) | 22 |
| तालिक 9 लागू ईएमआई/ईएमसी परीक्षण<br>Table 9 Applicable EMI/EMC tests | 23 |
| तालिका 10 तापमान स्तर<br>Table 10 Temperature levels | 24 |
| तालिका 11 परीक्षण मेट्रिक्स<br>Table 11 Test Matrix | 26 |
| तालिका 12 परीक्षण प्रविधि<br>Table 12 Test methods | 27 |
| तालिका 13 परीक्षण स्थितियों में अधिकतम स्वीकार्य सह्यता<br>Table 13 Maximum Allowable Tolerance in Test Conditions | 28 |
| तालिका 14 डिलिवरेबल्स आरएएफएस इकाइयां<br>Table 14 Deliverables RAFS units | 29 |
| तालिका 16 डिलीवरी अनुसूची<br>Table 16 Delivery Schedules | 32 |

## संक्षिप्ताक्षर Acronyms

| अनु.<br>Index | संक्षिप्ताक्षर<br>Acronym | विस्तार<br>Explanation |
|---|---|---|
| C | सीडीआर<br>CDR | व्यापक डिजाइन समीक्षा<br>Comprehensive Design Review |
| D | डीपीएल<br>DPL | घोषित पार्ट्स सूची<br>Declared Parts List |
| | डीएमएल<br>DML | घोषित सामग्री सूची<br>Declared Materials List |
| | डीपीआरएल<br>DPrL | घोषित प्रक्रिया सूची<br>Declared Process List |
| E | ईएससीसी<br>ESCC | यूरोपीय अंतरिक्ष समन्वयन सोसायटी<br>European Society for Space Coordination |
| F | एफआईटी<br>FIT | समय में विफलता<br>Failure in Time |
| | एफआर<br>FR | विफलता दर<br>Failure Rate |
| | एफएमईसीए<br>FMECA | विफलता मोड प्रभाव और गंभीरता विश्लेषण<br>Failure Mode Effects and Criticality Analysis |
| G | जीसीआर<br>GCR | आकाशगांगेय ब्रह्मांडीय किरणें<br>Galactic Cosmic Rays |
| I | आईबी<br>IB | विलगनएवं आबंधन<br>Isolation & Bonding |
| | आईआरएनएसएस<br>IRNSS | भारतीय क्षेत्रीय नौवहन उपग्रह प्रणाली<br>Indian Regional Navigation Satellite System |
| | इसरो ISRO | भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन<br>Indian Space Research Organization |
| J | जेएएन-एस<br>JAN-S | संयुक्त सेना नौसेना- अंतरिक्ष<br>Joint Army Navy- Space |
| M | एमआएल<br>MIL | (अमेरिकी) सैन्य मानक<br>(US) Military standard |
| N | एनवीएस<br>NVS | नौवहन उपग्रह<br>Navigation Satellite |
| | नाविक<br>NavIC | भारतीय नौवहन उपग्रह समूह<br>Navigation with Indian Constellation |
| P | पीएडी<br>PAD | पार्ट्स अनुमोदन प्रलेख<br>Parts Approval Document |
| | पीडीआर<br>PDR | प्रारंभिक डिजाइन समीक्षा<br>Preliminary Design Review |
| Q | क्यूएम, पीएफएम और एफएम<br>QM, PFM and FM | अर्हता मॉडल, प्रोटो-फ़्लाइट मॉडल और फ़्लाइट मॉडल<br>Qualification Model, Proto-flight Model and Flight Model |
| | क्यूपीएल<br>QPL | अर्हताप्राप्त पार्ट्स सूची<br>Qualified Parts List |
| | क्यूएमएल<br>QML | अर्हताप्राप्त सामग्री सूची<br>Qualified Materials List |
| | क्यूपीआरएल<br>QPrL | अर्हताप्राप्त प्रक्रिया सूची<br>Qualified Process List |
| | क्यूएसएल | अर्ध स्थैतिक भार |

| | | |
|---|---|---|
| | QSL | Quasi Static Load |
| R | आर एवं क्यूए<br>R&QA | विश्वसनीयता एवं गुणवत्ता आश्वासन<br>Reliability & Quality Assurance |
| | आरएएफएस<br>RAFS | रुबिडियम परमाणु आवृत्ति मानक<br>Rubidium Atomic Frequency Standards |
| | आरएफपी<br>RFP | प्रस्ताव हेतु अनुरोध<br>Request For Proposal |
| | आरडीएम<br>RDM | विकिरण डिजाइन मार्जिन<br>Radiation design margin |
| S | सैक<br>SAC | अंतरिक्ष उपयोग केंद्र<br>Space Applications Centre |
| | एसईई<br>SEE | एकल घटना प्रभाव<br>Single Event Effect |
| | एसईटी<br>SET | एकल घटना क्षणिक<br>Single Event Transient |
| T | टीआईडी<br>TID | कुल आयनीकरण डोज़<br>Total Ionizing Dose |
| | टीएम/टीसी<br>TM /TC | दूरमिति / दूरादेश<br>Telemetry /Tele-command |

**परिचय Introduction**

**भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो)** आपकी कंपनी से प्रलेख में दिए गए विवरणानुसार **अंतरिक्ष अर्हताप्राप्त रुबिडियम परमाणु आवृत्ति मानक (आरएएफएस)** के **प्रस्ताव हेतु अनुरोध** (आरएफपी) प्रस्तुत करने का अनुरोध करता है। इन इकाइयों का उपयोग नौवहन उपग्रहों (एनवीएस) नीतभारों में किया जाएगा।
**I**ndian **S**pace **R**esearch **O**rganization **(ISRO)** requests your company to submit proposal for **R**equest **F**or Proposal (RFP) being floated for the procurement of space qualified **R**ubidium **A**tomic **F**requency **S**tandard (**RAFS**) as detailed in this document. These units will be used in Payloads of **N**avigation **s**atellites (NVS).

यह प्रलेख पाँच खंडों में हैं: This document consists of five sections:

**प्रदर्श-ए: संगठन एवं परियोजना का संक्षिप्त विवरण**
**EXHIBIT-A: Brief Description of Organization & Project**

**प्रदर्श-बी: अंतरापृष्ठ और विद्युत, यांत्रिक आवश्यकताएं**
**EXHIBIT-B: Interface & Electrical, Mechanical Requirements**

**प्रदर्श-सी: विश्वसनीयता और गुणवत्ता आश्वासन योजना**
**EXHIBIT-C: Reliability & Quality Assurance Plan**

**प्रदर्श-डी: परीक्षण क्रम और परीक्षण विवरण**
**EXHIBIT-D: Test Sequence & Test Details**

**प्रदर्श-ई: डिलीवरेबल्स और डिलीवरी अनुसूची**
**EXHIBIT-E: Deliverables & Delivery Schedule**

## प्रलेख का विस्तार Scope of Document

यह प्रलेख भारतीय उपग्रह-समूह के साथ नौवहन (नाविक) के उपग्रह-समूह में उपयोग के लिए नियोजित रुबिडियम परमाणु आवृत्ति मानकों का विनिर्देशन प्रदान करता है। इस प्रलेख में आरएएफएस के लिए विक्रेता द्वारा अनुपालन किए जाने वाले अंतरिक्षयान अंतरापृष्ठ और विश्वसनीयता एवं गुणवत्ता आश्वासन (आर एंड क्यूए) आवश्यकताओं का विवरण भी शामिल है।
This document provides the specifications of the Rubidium Atomic Frequency Standards planned to be used in satellite constellation of **Nav**igation with **I**ndian **C**onstellation **(NavIC)**. The document also contains details of the spacecraft interfaces and **R**eliability & **Q**uality **A**ssurance **(R & QA)** requirements to be complied by the vendor for the RAFS.

आरएफपी के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत प्रस्ताव, इस प्रलेख में निर्धारित आवश्यकताओं/विनिर्देशों के अनुरूप होने चाहिए। यदि आपूर्तिकर्ता विनिर्देशों आवश्यकताओं को पूरा करने में असमर्थ है, तो उसे विचलनों को प्रदर्शित करना चाहिए। इसके अतिरिक्त, जहाँ भी विनिर्देशों की प्राप्ति या किसी परीक्षण के संचालन का तकनीकी और/या लागत पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ रहा हो, तो उसका उल्लेख किया जाना चाहिए।
The proposal submitted in response to the RFP should be in conformity with the requirements /specifications laid down in this document. In case the supplier is unable to meet the specification requirement, he should point out highlighting the deviations. Additionally, whenever the realization of the specifications or the conduct of any test is having very significant technical and /or cost impact, the same should be indicated.

अनुबंध को अंतिम रूप देने से पहले, सैक द्वारा प्रलेख में दिए गए विनिर्देशों को किसी भी आधार पर संशोधित किया जा सकता है। सैक अर्हता/स्वीकृति परीक्षणों को देखने और विभिन्न चरणों में कार्य की प्रगति की समीक्षा करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। विक्रेता प्रस्ताव के साथ समीक्षा योजना का सुझाव प्रदान करेगा।
The specifications in the document may be modified by SAC on any ground before the finalization of the contract. SAC reserves the right to witness the qualification/acceptance tests and to review the progress of work at various milestones. The vendor shall suggest the review scheme along with the proposal.

विक्रेता को कंपनी का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करना होगा जिसमें संबंधित क्षेत्र में निष्पादित अनुबंधों और वर्तमान कार्य के लिए उपलब्ध संसाधनों का उल्लेख हो। विक्रेता को प्रस्तावित इकाई की परम्परा का पता लगाने के लिए जानकारी प्रदान करनी होगी। विक्रेता को निर्यात नियंत्रण प्रतिबंधों और किसी भी पूर्व संविदात्मक दायित्व या बौद्धिक संपदा के स्वामित्व या किसी भी प्राधिकारी द्वारा लगाए गए किसी भी प्रकार के प्रतिबंधों के कारण विक्रेता पर लागू किसी भी अन्य प्रतिबंध के बारे में जानकारी प्रदान करनी होगी।
The vendor has to provide a detailed profile of the company indicating the contracts executed in the related field and the resources available for taking up the present work. The vendor has to provide the information tracing the heritage of the unit proposed. Vendor has to provide information regarding the export control restrictions and any other restrictions prevailing on the vendor due to any previous contractual obligations or ownership of the Intellectual property or any form of restrictions put forth by any authorities.

## प्रदर्श-ए संगठन और परियोजना का संक्षिप्त विवरण
## EXHIBIT-A Brief Description of Organization & Project

### A.1 अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (सैक) Space Applications Centre (SAC)

अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (सैक) इसरो के प्रमुख केंद्रों में से एक है। सैक इसरो मिशनों के लिए अंतरिक्ष-आधारित उपकरणों के डिजाइन और सामाजिक लाभ के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोगों का विकास और संचालन पर कार्य करता है। सैक वर्षों से इनसैट, जीसैट, एनवीएस श्रृंखला के उपग्रहों के लिए प्रेषानुकरों और आईआरएस श्रृंखला के सुदूर संवेदन उपग्रहों के लिए प्रकाशीय और सूक्ष्म तरंग संवेदकों का डिजाइन और विकास कर रहा है।

**S**pace **A**pplications **C**entre **(SAC)** is one of the major centres of the ISRO. SAC focuses on the design of space-borne instruments for ISRO missions and development and operationalization of applications of space technology for societal benefits. Over the years, SAC designs & develops transponders for the INSAT, GSAT, NVS series of satellites and optical and microwave sensors for IRS series of remote sensing satellites.

### A.2 भारतीय नौवहन उपग्रह समूह (नाविक) Navigation with Indian Constellation (NavIC)

भारतीय उपग्रह समूह के साथ नौवहन (नाविक) (पूर्व में भारतीय क्षेत्रीय नौवहन उपग्रह प्रणाली या आईआरएनएसएस के नाम से विख्यात) एक क्षेत्रीय नौवहन उपग्रह प्रणाली है जो भारत में 20 मीटर से उन्नत और भारतीय क्षेत्र के आसपास 1500 किलोमीटर तक की दूरी तक स्थिति की सटीकता प्रदान करती है। एनवीएस उपग्रह समूह को ग्राउंड नेटवर्क द्वारा सहायता प्रदान की जाती है, जो नाविक समूह के अनुरक्षण और संचालन के लिए उत्तरदायी है। एनवीएस उपग्रह समूह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के नियंत्रण में है। इसरो एमईओ कक्षित्रों में नौवहन उपग्रहों का उपयोग करके वैश्विक नौवहन सेवा की भी योजना बना रहा है।

Navigation with Indian Constellation (NavIC) (earlier known as Indian Regional Navigation Satellite System or IRNSS) is regional navigation satellite system providing position accuracy better than 20m within India and up to 1500 kms range around the Indian region. NVS satellite constellation is supported by Ground networks, which is responsible for the maintenance and operation of the NavIC constellation. NVS satellite constellation is under control of Indian Space Research Organization (ISRO). ISRO is also planning for global navigation service using navigation satellites in MEO orbits.

## प्रदर्श-बी अंतरापृष्ठ एवं वैद्युत, यांत्रिक आवश्यकताएं
## EXHIBIT-B Interfaces & Electrical, Mechanical Requirements

एक विशिष्ट आरएएफएस इकाई में भौतिकी पैकेज, डीसी-डीसी परिवर्तक, तापमान नियंत्रक, टीसी/टीएम आदि जैसे उप-मॉड्यूल शामिल होते हैं। विक्रेता को प्रत्येक मॉड्यूल, उनके विनिर्देश और आपूर्तिकर्ता की स्पष्ट रूप से पहचान करने वाला विस्तृत ब्लॉक आरेख/योजना प्रदान करना होगा, यदि स्वयं विक्रेता द्वारा इसे डिजाइन/विकसित न किया गया हो।

A typical RAFS unit consists of sub modules like physics package, DC-DC converter, Temperature controller, TC/TM etc. Vendor to provide detailed block diagram/schematic clearly identifying each modules, their specification & supplier if not designed/developed by vendor itself.

## B.1 अंतरापृष्ठ Interfaces

आरएएफएस के आरएफ और दूरमितियों को परमाणु घड़ी निगरानी यूनिट (एसीएमयू) के माध्यम से एनवीएस नौवहन नीतभार से जोड़ा जाएगा। चित्र 1 में एसीएमयू एवं नौवहन नीतभार के साथ आरएएफएस का अंतरापृष्ठ ब्लॉक आरेख प्रदर्शित है।

RF & telemetries of RAFS will be connected to the NVS Navigation payload via **A**tomic **C**lock **M**onitoring **U**nit **(ACMU)**.

चित्र 1 एसीएमयू और नौवहन नीतभार के साथ आरएएफएस का अंतरापृष्ठ ब्लॉक आरेख

Figure  depicts interface block diagram of RAFSs with ACMU & navigation payload.




**चित्र 1 एसीएमयू और नौवहन नीतभार के साथ आरएएफएस का अंतरापृष्ठ ब्लॉक आरेख**

**Figure 1 Interface block diagram of RAFS with ACMU & Navigation payload**

### B.1.1 पावर अंतरापृष्ठ Power Interface

आरएएफएस को अंतरिक्षयान की डीसी बस से आपूर्ति मिलेगी।

RAFS will be powered from DC bus of the spacecraft.

विकल्प: 1 26V-42.5V अविनियमित पावर बस। आरएएफएस में पर्याप्त सुरक्षा के साथ अपनी स्वयं की विनियमित आपूर्ति होनी चाहिए।

Option: 1 26V-42.5V unregulated power bus. The RAFS should have its own regulated supply with sufficient protection.

विकल्प: 2 70V विनियमित पावर बस

इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि ईपीसी स्विचिंग आवृत्ति आरएएफएस आउटपुट आवृत्ति स्थिरता में व्यवधान और गिरावट न करे। ईपीसी से अंतरिक्षयान बस तक संचरण में कोई विफलता नहीं होना चाहिए।

Option: 2 70V regulated power bus

Care should be taken so that EPC switching frequency should not interfere & deteriorate RAFS output frequency stability. There should not be any failure propagation from EPC to the spacecraft bus.

**B.1.2 दूरादेश अंतरापृष्ठ Tele Command Interface**

एचएलसी समादेश स्पंद का उपयोग आरएएफएस को चालू/बंद करने के लिए किया जाता है। अंतरापृष्ठ में विफलता या इंटरकनेक्शन त्रुटि की स्थिति में किसी क्षति के बिना 42.5v या शॉर्ट सर्किट में स्थायी रूप से बना रहना चाहिए। दूरादेश को पावर बस से गैल्वेनिक रूप से पृथक किया जाना चाहिए।

HLC command Pulse is to switch ON/OFF the RAFS. Interface must withstand 42.5V or short circuit permanently without damage in case of failure or interconnection error. Tele-command shall be galvanically isolated from the power bus.

प्रणाली को चालू/बंद करने के लिए उच्च स्तरीय समादेश का विनिर्देश निम्नानुसार है:-

The specification of high level Command for ON/OFF of the system is as follow:-

- एकल-समाप्त स्पंद समादेश Single ended pulse commands
- आयाम Amplitude:26V- 42.5V
- स्पंद दैर्ध्य: 64±4 एमएस या इसके गुणज (128±8 एमएस, 256±16 एमएस या 512±32 एमएस)

  Pulse width: 64±4 ms or its multiple ( 128±8 ms, 256±16 ms or 512±32 ms)
- <5ms अवधि के स्पंद को आरएएफएस द्वारा अनदेखा किया जाएगा।

  Pulses of<5ms duration shall be ignored by the RAFS.

**B.1.3 दूरमिति अंतरापृष्ठ Telemetry Interface**

घड़ी स्वास्थ्य निगरानी दूरमिति अंतरापृष्ठ उपलब्ध होना चाहिए। विक्रेता को उन मापदंडों को निर्दिष्ट करना होगा जिनकी निगरानी करना महत्वपूर्ण है। आरएएफएस की दूरमिति को आगे की प्रक्रिया के लिए एसीएमयू से जोड़ा जाएगा। विक्रेता को आरएएफएस की निगरानी के लिए उपयोग किए जाने वाले सभी दूरमिति संकेतों के प्रकार, संख्या और कार्यक्षमता की जानकारी प्रदान करनी होगी।

Clock health monitoring telemetry interface should be available. The vendor should indicate the parameters, which are important to be monitored. Telemetries of the RAFS will be connected to the ACMU for further processing. Vendor to provide the type, number and functionality of all the telemetry signals use to monitor the RAFS.

अंतरापृष्ठ के साथ न्यूनतम वांछनीय दूरमितियां निम्नलिखित हैं:
Minimum desirable telemetries with following interface are:

- **लैंप प्रकाश तीव्रता, फोटो संसूचक संकेत (एनालॉग अंतरापृष्ठ)**

  **Lamp light intensity, photo detector signal** (**Analog interface**)

  - इनकी आवश्यकता ±5 वोल्ट की सीमा में एनालॉग वोल्टेज के रूप में होती है। विक्रेता को विभेदन और प्रत्येक दूरमिति का तरंगरूप प्रदान करना होगा।
  - These are required in form of analog voltages in the range of ±5 Volts. Vendor to provide the resolution & waveform of each telemetry.

- **पावर चालू/बंद स्थिति, लॉक सूचक (डिजिटल स्थिति अंतरापृष्ठ)**

  **Power ON/OFF status, Lock indicator (Digital status interface)**

  - **ये द्वि-स्तरीय वोल्टेज (निम्न स्तर** = 0 **वोल्ट और उच्च स्तर** = +5 **वोल्ट**, CMOS **संगत) के रूप में आवश्यक हैं ।**

    These are required in form of bi-level voltages (Low level= 0 Volt and high level=+5 Volt, CMOS compatible).

- **तापमान (थर्मिस्टर अंतरापृष्ठ) Temperature (Thermistor interface)**

  - आंतरिक आरएएफएस तापमान (जैसे: बेस प्लेट, ईपीसी आदि) की निगरानी के लिए इनकी आवश्यकता होती है। आमतौर पर तापमान सीमा को कवर करने के लिए 10k Ohm थर्मिस्टर का उपयोग किया जाता है।

    These are required to monitor internal RAFS temperature (Ex:-base plate, EPC etc.). Typically, 10k Ohm Thermistor is to be used to cover the temperature range.

**नोट Note:** विक्रेता को आरएएफएस के महत्वपूर्ण स्थान पर उपलब्ध अन्य वैकल्पिक दूरमितियों का उल्लेख करना होगा।

Vendor has to mention other optional telemetries available at the critical location of the RAFS.

***पावर, एचएलसी समादेश और दूरमिति के लिए पसंदीदा अंतरापृष्ठ विनिर्देश को चर्चा के आधार पर अंतिम रूप दिया जाएगा।Preferred interface specification for the Power, HLC command & telemetries will be finalized based on discussion.***

**B.2 प्रकार्यात्मक/निष्पादन विनिर्देश Functional/Performance Specifications**

प्रत्येक आरएएफएस को अपने पूरे जीवनकाल में निम्नलिखित प्रकार्यात्मक/निष्पादन विनिर्देशों को पूरा करना होगा। इकाई की स्थापना और संचालन की विस्तृत प्रक्रिया आरएएफएस के संचालन मैनुअल में परिभाषित की जाएगी।

Each RAFS shall meet the following functional/performance specifications throughout the life time of RAFS. The detailed procedure how to set up and operate the unit shall be defined in the operation Manual of the RAFS.

**B.2.1 आउटपुट आवृत्ति Output Frequency**

प्रत्येक आरएएफएस को 10 मेगाहर्ट्ज (साइन वेव) पर दो आउटपुट Fo1 और Fo2 प्रदान करना चाहिए। ये आउटपुट एसएमए कनेक्टरों के माध्यम से उपलब्ध कराए जाएंगे और डीसी युग्मित होंगे। पोर्ट के बीच विलगन 10 मेगाहर्ट्ज ± 2 मेगाहर्ट्ज पर >50 dB होना चाहिए।

Each RAFS should provide two outputs $F_{o1}$ and $F_{o2}$ both at 10 MHz (Sine Wave). These outputs shall be made available through SMA connectors and are DC coupled. Isolation between ports shall be >50 dB at 10 MHz ± 2 MHz

**B.2.2 आउटपुट पावर Output Power**

दोनों पोर्ट पर आउटपुट पावर स्तर = +10 dBm±1.5 dB.

Output power level at both the ports= +10 dBm±1.5 dB.

**B.2.3 प्रतिगमन ह्रास Return Loss**

प्रत्येक संदर्भ संकेत 50Ω पर 20 डीबी से बेहतर प्रतिगमन ह्रास होगा।

Each of the reference signals shall have Return Loss better than 20 dB at 50Ω.

**B.2.4 प्रारंभिक आवृत्ति सटीकता Initial Frequency Accuracy**

निर्वात स्थिति में आरएएफएस आउटपुट की प्रारंभिक आवृत्ति सटीकता चालू होने के 6 घंटे बाद $\pm 1 \times 10^{-9}$ से कम होनी चाहिए।

Initial frequency accuracy of RAFS output shall be less than $\pm 1 \times 10^{-9}$ after 6 hours of warm up under vacuum condition.

**B.2.5 आवृत्ति ड्रिफ्ट Frequency Drift**

आरएएफएस का आवृत्ति विचलन ±5 x 10-13/दिन से कम होना चाहिए। आरएएफएस को परिचालन पर्यावरणीय स्थितियों में निरंतर संचालन से 6 सप्ताह के भीतर विचलन विनिर्देशों को पूरा करना होगा। विक्रेता को विचलन विनिर्देशों को पूरा करने के लिए पर्यावरणीय स्थितियों में आवश्यक नियंत्रण निर्दिष्ट करना होगा।

Frequency drift of the RAFS should be less than $\pm 5 \times 10^{-13}$ / day. RAFS shall meet the drift specification within 6 weeks of continuous operation under operating environmental condition. Vendor to specify the control required in environmental condition to meet the drift /day specification.

**B.2.6 आवृत्ति स्थिरता Frequency Stability**

प्रचालन तापमान सीमा में किसी भी निश्चित तापमान पर आरएएफएस आउटपुट की आवृत्ति स्थिरता निम्नलिखित से बेहतर होगी:

Frequency stability of RAFS output at any fixed temperature in the operating temperature range shall be better than the following:

| **τ in Sec** | **σy (τ)** | |
|---|---|---|
| 1s | ≤ 5.0 x $10^{-12}$ | |
| 10s | ≤ 1.5 x $10^{-12}$ | |
| 100s | ≤ 5.0 x $10^{-13}$ | |
| 1000s | ≤ 1.5 x $10^{-13}$ | |
| 10000s | ≤ 5.0 x $10^{-14}$ | (drift removed) |

विक्रेता को 1 दिन के औसत समय पर फ्लिकर नॉइज फ्लॉर के लिए अपने विनिर्देश उद्धृत करने चाहिए।
Vendor should quote their specification for flicker noise floor @ 1 day average time.

**B.2.7 चरण रव Phase Noise**

वाहक पर प्रेरित अधिकतम अनुमत एकल साइडबैंड वर्णक्रमीय घनत्व नीचे दर्शाए गए से अधिक नहीं होगाः
The Maximum allowed Single Sideband spectral density induced on carrier shall not exceed as indicated below:

| **Offset from $F_o$** | **Level dBc/ Hz** |
|---|---|
| 1Hz | -85 dBc/Hz |
| 10 Hz | -100 dBc/Hz |
| 100 Hz | -125 dBc/Hz |
| 1 kHz | -135 dBc/Hz |
| 10 kHz | -145 dBc/Hz |
| 100 kHz | -145 dBc/Hz |

**B.2.8 आवृत्ति तापमान स्थिरता Frequency Temperature Stability**

विक्रेता उपग्रह माउंटिंग प्लेट की तापमान सीमा का विवरण प्रदान करेगा जो आवृत्ति स्थिरता सहित अपने समग्र विनिर्देशों को पूरा करने हेतु आरएएफएस के लिए आवश्यक है। उपग्रह बेस प्लेट का संचालन तापमान-50°C से +150°C की सीमा के बीच होना चाहिए। विक्रेता द्वारा आरएएफएस की प्रदर्शन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आवश्यक तापमान नियंत्रण की मात्रा दर्शायी जानी चाहिए। वरीय तापमान गुणांक ±1x10-13 /0°C से कम होना चाहिए।

Vendor to provide details of temperature range of the satellite mounting plate which is required for RAFS to meet its overall specifications inclusive of frequency stability. Preferable satellite base plate operating temperature range shall be in the range of-5$^0$C to +15$^0$C. Vendor should indicate the degree of

control in temperature required to meet the RAFS performance requirements. Preferred temperature coefficient should be less than $\pm 1x10^{-13}$ /$^0$C.

**B.2.9 आवृत्ति चुंबकीय संवेदनशीलता Frequency Magnetic Sensitivity**

चुंबकीय क्षेत्र में परिवर्तन के कारण आवृत्ति में परिवर्तन ±1 x 10-13/गॉस से कम होना चाहिए। जब तक स्थिर और गतिशील चुंबकीय क्षेत्रों का योग 2.5 गौस से अधिक नहीं होगा, तब तक ± 2.5 गौस तक के स्थिर चुंबकीय क्षेत्र की भी अनुमति होगी।

The frequency variation due to magnetic field variations should be less than ±1 x $10^{-13}$/ Gauss. The static magnetic field up to ±2.5 Gauss shall also be permissible as long as the sum of static and dynamic magnetic fields shall not exceed 2.5 Gauss.

**B.2.10 अप्रामाणिक और हार्मोनिक्स संकेत Spurious and Harmonics Signals**

**B.2.10.1 हार्मोनिक्स Harmonics**

हार्मोनिक्स का स्तर-30 dBc से कम हो।

The level of harmonics shall be less than-30 dBc.

**B.2.10.2 अप्रामाणिक Spurious**

बैंड (10 मेगाहर्ट्ज ± 1 मेगाहर्ट्ज) के भीतर अप्रामाणिक संकेत-80 डीबीसी से कम होना चाहिए। बैंड के बाहर, अप्रमाणिक संकेत-60 डीबीसी से कम होना चाहिए (200 मेगाहर्ट्ज तक मापा जाना चाहिए)। विक्रेता को लैंप दोलित्र आवृत्ति निर्दिष्ट करनी होगी और यह सुनिश्चित करना होगा कि इसका स्तर-30 डीबीसी से अधिक न हो।

The Spurious Signal within the band (10 MHz ± 1MHz) shall be less than-80 dBc. Outside the band, spurious shall be less than-60 dBc (to be measured up to 200 MHz). Vendor to specify the lamp oscillator frequency & ensure its level shall not exceed-30 dBc.

**B.2.11 विद्युत की खपत Power Consumption**

**B.2.11.1 स्थिर अवस्था Steady State**

संचालन की स्थिर स्थिति में आरएएफएस की विद्युत खपत ≤40 वाट बेहतर रहती है।

The Power consumption of the RAFS is preferred to be ≤40 Watts under steady state of operation.

**B.2.11.2 चालू करना Turn On**

विद्युत को चालू करने पर आरएएफएस की बिजली खपत ≤70 वॉट बेहतर रहती है।

The Power consumption of the RAFS is preferred to be ≤70 Watts at turn on.

**B.2.12 विद्युत आपूर्ति स्थिरता Power Supply Stability**

विद्युत आपूर्ति में परिवर्तन के कारण आवृत्ति में परिवर्तन ±3 x 10-14/V से कम होना चाहिए।

The frequency variation due to power supply variation should be less than ±3 x $10^{-14}$/V.

**B.2.13 बैरोमीटर की संवेदनशीलता Barometric Sensitivity**

विक्रेता को बैरोमीटर की संवेदनशीलता स्पष्ट रूप से दर्शानी चाहिए। वेंटिंग विवरण और वेंटिंग के लिए आवश्यक समय विक्रेता द्वारा निर्दिष्ट किया जाना चाहिए।

Vendor should clearly indicate the barometric sensitivity. Venting details and time required for venting to be specified by vendor.

**B.2.14 आवृत्ति जंप Frequency Jumps**

आरएएफएस आवृत्ति जंप और अन्य असामान्य व्यवहार से मुक्त होनी चाहिए। विक्रेता को इस संदर्भ में डिजाइन करते समय विशेष सावधानी बरतनी होगी। आवृत्ति में जंप (यदि कोई हो) 5 x 10-13 से अधिक नहीं होना चाहिए। हालाँकि, जिन आरएएफएस में प्रति वर्ष जंप की संख्या कम होगी, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। अपने प्रस्ताव के सहयोग में, विक्रेता को संख्या और परिमाण के संदर्भ में कक्षा में घड़ी जंप्स का इतिहास प्रदान करना चाहिए।

The RAFS should be free from frequency jumps and other abnormal behaviour. The vendor has to take special care during the design in this context. The frequency jumps (if any) should not be higher than 5 x $10^{-13}$. However, **RAFS which will have lower number of jumps/year will be preferred**. In support of their offer, **Vendor should provide the history of the in-orbit clock jumps in terms of number & magnitude.**

विक्रेता वास्तविक समय में आवृत्ति जंप के स्रोतों की निगरानी के लिए दूरमिति प्रदान कर सकता है। स्रोतों में प्रकाश स्तर भिन्नता, संकेत स्तर भिन्नता और तापमान भिन्नता या विक्रेता के सुझाव के अनुसार किसी अन्य भौतिक मापदंड की निगरानी शामिल हो सकती है।

Vendor can provide Telemetry to monitor the sources of frequency jumps in real-time. The sources may include monitoring of the light level variation, signal level variation and temperature variations or any other physical parameters as per vendor’s suggestion.

**B.2.15 भौतिक आवश्यकताएं Physical Requirements**

**B.2.15.1 वांछनीय आवरण और आयाम Desirable Envelope and Dimension**

आरएएफएस का वांछित आकार आम तौर पर 240 मिमी x 140 मिमी x 160 मिमी के आवरण के भीतर होना चाहिए, जिसमें डीसी-डीसी कनवर्टर, अतिरिक्त चुंबकीय परिरक्षण, अतिरिक्त

तापीय नियंत्रण (यदि आवश्यक हो) और इकाई को पूरा करने के लिए आवश्यक कोई अन्य अतिरिक्त संरचना शामिल है।

The desirable size of RAFS should be typically within the envelope of 240 mm x 140 mm x 160 mm inclusive of the DC-DC converter, additional magnetic shielding, additional thermal control (if required) and any other additional structure required to make the unit complete.

**B.2.15.2 द्रव्यमान Mass**

प्रत्येक आरएएफएस का वजन सामान्यतः लगभग 5 किलोग्राम, जिसमें डीसी-डीसी कनवर्टर, चुंबकीय परिरक्षण, तापीय नियंत्रण (यदि आवश्यक हो) और अन्य आवश्यक तत्त्व शामिल है, होना चाहिए।

The weight of each of the RAFS should typically be around 5 Kg inclusive of the DC-DC converter, magnetic shielding, thermal control (if required) and any other element required.

**B.2.18 ब्लॉक स्कीमैटिक्स Block Schematics**

विक्रेता को प्रस्ताव के साथ ब्लॉक स्कीमैटिक्स आरेख और आरएएफएस का मूल डिजाइन दृष्टिकोण प्रदान करना होगा, जिसमें डीसी-डीसी कनवर्टर, तापमान नियंत्रक भौतिकी पैकेज आदि जैसे सभी उप-मॉड्यूल शामिल है। विक्रेता विकास के विभिन्न चरणों में डिजाइन समीक्षाओं के दौरान विस्तृत डिजाइन प्रदान करेगा।

Vendor need to provide block schematic diagram and the basic design approach of the RAFS including all sub-module like DC-DC converter, temperature controller physics package etc. along with the proposal. The vendor shall provide the detailed design during design reviews at various stages of development.

**B.2.19 माउंटिंग आवश्यकताएं Mounting Requirements**

विक्रेता को किसी भी विशेष माउंटिंग आवश्यकताओं को दर्शाना चाहिए।
Vendor should indicate any special mounting requirements.

***पसंदीदा विद्युत विनिर्देशों को चर्चा के आधार पर अंतिम रूप प्रदान किया जाएगा।***
***Preferred electrical specifications will be finalized based on discussion.***

## प्रदर्श-सी विश्वसनीयता और गुणवत्ता आश्वासन योजना
## EXHIBIT-C Reliability & Quality Assurance Plan

विश्वसनीयता और गुणवत्ता किसी भी अंतरिक्ष कार्यक्रम में हार्डवेयर की महत्त्वपूर्ण पूर्वापेक्षाएं हैं। इसलिए, विक्रेता के लिए अनुसंधान एवं गुणवत्ता आश्वासन (विएवंगुआ) आवश्यकताओं को समझना और उनका कार्यान्वयन करना अत्यंत आवश्यक है। आरएएफएस को उच्च विश्वसनीयता और दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशन अनुप्रयोग आवश्यकताओं के अनुरूप अनुमोदित प्रक्रियाओं के अनुसार डिजाइन, निर्मित और परीक्षित किया जाना चाहिए। यह खंड अनुसंधान एवं गुणवत्ता आश्वासन (विएवंगुआ) आवश्यकताओं का विवरण प्रदान करता है, जिन्हें इस कार्यक्रम के लिए विक्रेता द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा। इस प्रदर्श में आरएएफएस को 'इकाई' कहा गया है। **ये अनुसंधान एवं गुणवत्ता आश्वासन (आर एंड क्यूए) आवश्यकताएं आरएएफएस के सभी उप-मॉड्यूल पर लागू होती हैं और विक्रेता को प्रत्येक उप-मॉड्यूल के अनुपालन का ध्यान रखना चाहिए।**

Reliability and Quality are important prerequisites of any space program hardware. It is therefore very essential for the vendor to understand and implement the R & QA requirements. RAFS need to be designed, fabricated and tested as per approved procedures commensurate with high reliability, long life space mission application requirements. This section provides the details on R&QA requirements, which shall be assured by the vendor for this program. The RAFS is referred as 'Unit' in this exhibit. ***These R & QA requirements are applicable for all sub modules of RAFS & vendor should address compliance of each sub modules.***

### C.1 डिजाइन लाइफ Design Life

- यह इकाई कम से कम 12 वर्षों के कक्षीय जीवन के साथ ऑन-बोर्ड अंतरिक्षयान के उपयोग के लिए सभी डिजाइन आवश्यकताओं को पूरा करेगी।

  The unit shall meet all the design requirements for use on-board spacecraft with a minimum on-orbit life of 12 years.
- यह इकाई अंतरिक्षयान संयोजन और भंडारण के विभिन्न चरणों में सभी प्रकार्यात्मक आवश्यकताओं को निम्नानुसार पूरा करने में सक्षम होगी:

  The unit shall be capable of meeting all the functional requirements at various stages of spacecraft assembly and storage as follows:
- अंतरिक्षयान संयोजन के विभिन्न स्तरों पर 3 वर्षीय भंडारण।

  3 years' storage at various levels of spacecraft assembly.
- कक्षा 100k स्वच्छ-कक्ष में नियंत्रित पर्यावरण स्थितियों में 5 वर्ष

5 years in controlled environment conditions in class 100k clean room.

विक्रेता भंडारण की सटीक प्रविधि निर्दिष्ट करेगा और लंबे भंडारण के मामले में मानदंडों का पुनः परीक्षण करेगा।

The vendor shall specify exact method of storage and retest criteria in case of longer storage.

विक्रेता को आरएएफएस में जीवन-सीमित वस्तुओं/घटकों का उल्लेख करना चाहिए।

Vendor should indicate life-limiting items/components in RAFS.

**C.2 आरएएफएस के लिए पर्यावरणीय स्थितियां Environmental Conditions for RAFS**

**C.2.1 तापीय एवं दाब वातावरण Thermal & Pressure Environment**

**तालिका 1 आरएएफएस के लिए पर्यावरणीय स्थिति**
**Table 1 Environmental condition for RAFS**

| गैर-प्रचालन वातावरण Non-Operating Environment | | |
|---|---|---|
| इकाइयां निम्नलिखित पर्यावरणीय परिस्थितियों का सामना करने में सक्षम होंगी:<br>The Units shall be capable of withstanding following environmental conditions: | | |
| तापमान Temperature | -40°C to +60 °C | |
| दबाव Pressure | परिवेशी ध्वनि 10-6 टोर या उन्नत<br>Ambient to $10^{-6}$ torr or better | |
| आर्द्रता Humidity | सापेक्ष आर्द्रता +40C (लघु अवधि) पर पानी के संघनन के बिना 70% तक।<br>Relative humidity Up to 70% without condensation of water at +40$^0$C (Short duration). | |
| **प्रचालन वातावरण Operating Environment** | | |
| चालू करना Turn ON | इकाइयां-25° सेल्सियस पर बिना किसी नुकसान के चालू होने में सक्षम होंगी, इस तापमान पर इकाई को अपने प्रदर्शन विनिर्देशों को पूरा करने की आवश्यकता नहीं है, यह क्षतिग्रस्त नहीं होना चाहिए।<br>The Units shall be capable of being turned-on without any damage at –25°C. While the unit need not meet its performance specifications, it should not get damaged, at this temperature. | |
| निर्वात में संचालन के दौरान तापमान<br>Temperature while Operating under vacuum (< 1e-5 mbar ) | क्यूएम/ पीएफएम<br>QM/ PFM | –10°C to +20°C |
| | एफएम<br>FM | –5°C to +15°C |
| चुंबकीय क्षेत्र<br>Magnetic field | क्यूएम/ पीएफएम/ एफएम<br>QM/ PFM/ FM | < ±2.5 Gauss |

- तापमानों को आरएएफएस के पास बेस प्लेट पर संदर्भित किया जाता है।

  Temperatures are referred to the base plate near RAFS.
- परिवेशीय स्थिति में सुरक्षित संचालन हेतु सावधानी प्रदान करने के लिए विक्रेता 25°C±2°C पर 100k स्वच्छ कक्ष में परिवेशीय दबाव में आरएएफएस का संचालन करते समय विक्रेता पूर्वसावधानियां/सीमाएं (यदि कोई हो) प्रदान करें।

  Vendor to provide the precautions/ limitations (if any) while operating the RAFS in ambient pressure in 100K clean room at 25°C±2°C. Vendor to provide precaution for safe operation in ambient condition.
- विक्रेता को दीर्घकालिक (10k सेकंड स्थिरता) सहित पूर्ण प्रदर्शन की पूर्ति के लिए आरएएफएस के निकट स्वीकार्य चुंबकीय क्षेत्र विचलन प्रदान करना होगा।

  Vendor to provide the acceptable magnetic field variation near the RAFS to meet the full performance including long term (10k second stability).
- विक्रेता अन्य पर्यावरणीय मापदंडों जैसे सूक्ष्म कंपन स्तर आदि की घोषणा कर सकते हैं जिन्हें बनाए रखा जाना है।

  Vendor can declare other environmental parameters like micro-vibration level etc., which are to be maintained.
- ऊपर दिए गए पर्यावरणीय स्तर सांकेतिक हैं। वास्तविक पर्यावरणीय स्तरों की पुष्टि ऑर्डर देने से पहले की जाएगी।

  The environmental levels given above are indicative. The actual environmental levels shall be confirmed prior to placement of order.

### C.2.2 विकिरण वातावरण Radiation environment

इकाई को निम्नलिखित प्रदर्शन या लाइफ में किसी गिरावट के बिना प्रचालन के लिए डिज़ाइन और निर्मित किया जाएगाः
The unit shall be designed and fabricated to operate without any degradation in performance or life for the following:

a) सिलिकॉन अवशोषित 1.5x107 रेड्स आयनीकृत डोज।

   $1.5 \times 10^{7}$ Rads ionising dose absorbed in silicon.

b) 6.0x1014 इलेक्ट्रॉन / सेमी2 (3 MeV बल्क डेमेज समतुल्य)

   $6.0 \times 10^{14}$ electron / $cm^2$ (3 MeV bulk damage equivalent)

c) एसईई/एसईएल (एकल घटना प्रभाव/एकल घटना लैच-अप) सापेक्ष प्रतिरक्षा: एलईटी 75 मी वी/एमजी/सेमी2

   Immunity against SEE / SEL (Single Event Effect/Single Event Latch-Up): LET 75 Me V /mg/$cm^2$

d) विक्रेता को उपग्रह संरचना द्वारा दी गई ढाल को 0.5 मिमी मानते हुए विकिरण आवश्यकताओं के लिए अपने अनुपालन को निर्दिष्ट करना चाहिए।

Vendor should indicate their compliance to the Radiation requirements by considering the shield offered by satellite structure as 0.5 mm

चित्र 2 में वृत्ताकार एल्युमीनियम शील्ड के केंद्र में 15 वर्षों के लिए सिलिकॉन की डोज दी गई है।

The dose in silicon at the centre of spherical Aluminium shield for 15 years is as given in चित्र 2 वृत्ताकार एल्यूमीनियम शील्ड केंद्र में डोज

Figure 2




**चित्र 2 वृत्ताकार एल्यूमीनियम शील्ड केंद्र में डोज**

**Figure 2 Dose at the centre of spherical aluminium shield**

**तालिका 2 वृत्ताकार एल्यूमीनियम शील्ड केंद्र में कुल डोज**

**Table 2 Total Dose at the Centre of Spherical Aluminium Shield**

**(भूस्थिर कक्षा Geostationary Orbit)**

| वृत्ताकार शील्ड की मोटाई<br>Spherical shield thickness<br>mm (Al) | मोटाई<br>Thickness<br>(gm/cm$^2$) | कुल डोज़<br>Total dose<br>(Rads/15 years)<br>GSO |
|---|---|---|
| 0.05 | 0.0135 | 696 M |
| 0.10 | 0.027 | 423 M |
| 0.20 | 0.054 | 223 M |
| 0.50 | 0.135 | 52.2 M |
| 1 | 0.27 | 13.8 M |
| 2 | 0.54 | 2.17 M |
| 3 | 0.81 | 542.0 K |
| 4 | 1.08 | 161.0 K |

| | | |
|---|---|---|
| 5 | 1.35 | 64.8 K |
| 6 | 1.62 | 29.0 K |
| 7 | 1.89 | 18.6 K |
| 8 | 2.16 | 12.1 K |
| 9 | 2.43 | 9.98 K |
| 10 | 2.70 | 8.71 K |

**नोट: किसी अन्य सामग्री की समतुल्य मोटाई की गणना करने के लिए, कॉलम दो को सामग्री के घनत्व से विभाजित करें।**

**Note:** To calculate equivalent thickness of any other material, divide column two by the density of material.

- जीएसओ कक्षा में 15 वर्षों के लिए अनुमानित डोज पर 20 प्रतिशत का अंतर स्थापित करने के लिए विकिरण परिरक्षण लागू किया जाएगा।

  Radiation shielding shall be applied to establish 20% margin over the estimated dosage for 15 years in GSO orbit.
- एसईटी विश्लेषण भी किया जाना आवश्यक है।

  SET analysis also needs to be carried out.
- विकिरण विश्लेषण को सबसे खराब स्थिति के स्तर को ध्यान में रखना पड़ता है ताकि आरएएफएस विनिर्देशों के अनुसार काम करें। यदि इकाइयों ने पहले से ही उचित परीक्षण/विश्लेषण किया है जो तालिका 2 में बताए गए स्तरों को पूरा करते हैं, तो उन्हें प्रदान किया जा सकता है।

  The radiation analysis has to take into account the worst-case levels such that RAFS will operate as per specifications. If the units have already undergone appropriate tests/analysis, which meet the levels indicated in तालिका 2 वृत्ताकार एल्यूमीनियम शील्ड केंद्र में कुल डोज
  Table 2, the same may be provided.

**C.2.3 कंपन/ प्रघात Vibration / Shock**

इकाई का डिजाइन एवं संविरचन कंपन (साइन एवं यादृच्छिक) और यांत्रिक प्रघात को पूर्ण करने के लिए खंड डी 2.7 में दी गई परीक्षण योजनाओं के अनुसार किया जाएगा।
The unit shall be designed and fabricated to meet the vibration (Sine and random), and mechanical shock, as per the test plans given in section D.2.7.

**C.2.4 अर्ध-स्थैतिक भार (क्यूएसएल) Quasi-Static Load (QSL)**

डिजाइन के लिए इन अर्ध-स्थैतिक भारों पर विचार किया जाना चाहिए। स्थिर अवस्था त्वरण भारों की अर्हता परीक्षण/विश्लेषण द्वारा प्रदर्शित की जाएगी।

These quasi-static loads should be considered for the design. The qualification for the steady state acceleration loads shall be shown by test/analysis.

- समतल के बाहर Out of plane : 25g
- समतल में In plane : 15g

**C.3 डिजाइन गुणवत्ता आश्वासन Design Quality Assurance**

**C.3.1 विश्वसनीय विश्लेषण Reliability Analysis**

इकाइयों को कक्षा में 200 डिग्री सेल्सियस आधार प्लेट तापमान पर लगभग 1500 एफआईटी की अनुमानित विफलता दर प्राप्त करने के लिए डिजाइन और निर्मित किया जाएगा। विक्रेता अधिकतम परिचालन तापमान पर गणना की गई आरएएफएस की कक्षा में 12 वर्षों और 15 वर्षों के लिए विफलता दर और विश्वसनीयता के आंकड़ों को उद्धृत करेगा।

The units shall be designed and fabricated to achieve an estimated failure rate of about 1500 FIT in orbit at $20^0$C base plate temperature. Vendor shall quote the failure rate and reliability figure for 12 years & 15 years in orbit of RAFS calculated at maximum operating temperature.

डिजाइन समीक्षा के दौरान, विक्रेता को आरएएफएस का संपूर्ण विश्वसनीयता विश्लेषण प्रदान करने होगें। इसमें निम्नलिखित शामिल होंगे:

Vendor should provide the complete reliability analysis of the RAFS, during the design review. This shall include:

- डी- लागू ईएसए/नासा मानकों के अनुसार पार्ट स्ट्रेस डी-रेटिंग विश्लेषण।

  **<u>Part stress de-rating analysis</u>** as per applicable ESA /NASA standards.
- 12 वर्षों के अंत में विश्वसनीयता पूर्वानुमान (MIL-HDBK-217FN2 का उपयोग करके)

  **<u>Reliability Prediction</u>** at the end of 12 years (Using MIL-HDBK-217FN2)

विक्रेता को विश्लेषण, परीक्षण डेटा/संदर्भ के रूप में ली गई परीक्षण रिपोर्ट सहित कार्यप्रणाली को भी निर्दिष्ट करना चाहिए, जिसका उपयोग MIL-HDBK-217FN2 में उल्लिखित घटकों की विफलता दर पर पहुंचने में किया जाता है।

Vendor should also specify the methodology including analysis, test data / test reports taken as reference, used in arriving at the failure rate of components not mentioned in MIL-HDBK-217FN2.

- एफएमईसीए FMECA
6. कोई जीवित व्यक्ति जो ऐसे देश का नागरिक है, अथवा
   A natural person who is a citizen of such a country, or
7. एक संघ या संयुक्त उद्यम जहां संघ या संयुक्त उद्यम का कोई भी सदस्य उपरोक्त में से किसी के अंतर्गत आता है।
   A consortium or joint venture where any member of the consortium or joint venture falls under any of the above.

c. उपरोक्त 'ख' के प्रयोजन के लिए 'लाभार्थी स्वामी' निम्नानुसार होगा:
   'Beneficial owner' for the purpose of 'b' above will be as under:
   1. कंपनी या सीमित देयता भागीदारी के मामले में, लाभकारी स्वामी वह जीवित व्यक्ति(ओं) हैं, जो अकेले या साथ मिलकर, या एक या अधिक न्यायिक व्यक्तियों के माध्यम से, नियंत्रणकारी स्वामित्व हित रखते हैं या अन्य माध्यमों से नियंत्रण रखते हैं।
      In case of a Company or Limited Liability Partnership, the beneficial owner is the natural person(s), who, whether acting alone or together, or through one or more juridical person, has a controlling ownership interest or who exercises control through other means.

      **स्पष्टीकरण**: 'नियंत्रक स्वामित्व हित' का आशय कंपनी के पच्चीस प्रतिशत से अधिक शेयरों, पूँजी या लाभों का स्वामित्व या हकदारी है।
      **Explanation**: 'Controlling ownership interest' means ownership of or entitlement to more than twenty-five per cent of shares or capital or profits of the Company.
   2. 'नियंत्रण' में अधिकांश निदेशकों की नियुक्ति करने या प्रबंधन या नीतिगत निर्णयों को नियंत्रित करने का अधिकार शामिल होगा, जिसमें उनकी शेयरधारिता या प्रबंधन अधिकार या शेयरधारक करार या मतदान करार के आधार पर शामिल है।
      'Control' shall include the right to appoint majority of the directors or to control the management or policy decisions, including by virtue of their shareholding or management rights or shareholders agreements or voting agreements.
   3. साझेदारी फर्म के मामले में, लाभकारी स्वामी वह जीवित व्यक्ति (यों) होता है, जो अकेले या एक साथ या एक या अधिक न्यायिक व्यक्तियों के माध्यम से कार्य करता है, उनके पास साझेदारी की पूंजी या लाभ के पंद्रह प्रतिशत से अधिक का अधिकार होता है।
      In case of partnership firm, the beneficial owner is the natural person(s) who, whether acting alone or together or through one or more juridical person, has ownership of entitlement to more than fifteen percent of capital or profits of the partnership.
   4. किसी अनिगमित संघ या व्यक्तियों के निकाय के मामले में, लाभकारी स्वामी वह जीवित व्यक्ति/(ओं) हैं, जो अकेले या एक साथ या एक या अधिक न्यायिक व्यक्तियों के माध्यम से कार्य करते हुए,

ऐसे संघ या व्यक्तियों के निकाय की संपत्ति या पूंजी या लाभ के पंद्रह प्रतिशत से अधिक का स्वामित्व या हकदारी रखता हो।
In case of an unincorporated association or body of individuals, the beneficial owner is the natural person(s) who, whether acting alone or together or through one or more juridical person, has ownership of or entitlement to more than fifteen percent of the property or capital or profits of such association or body of individuals.

5. जहां उपर्युक्त (i) या (ii) या (iii) के अंतर्गत किसी जीवित व्यक्ति की पहचान नहीं की गई है, वहां लाभग्राही स्वामी वह प्रासंगिक जीवित व्यक्ति है जो वरिष्ठ प्रबंध अधिकारी का पद धारण करता है।
   Where no natural person is identified under (i) or (ii) or (iii) above, the beneficial owner is the relevant natural person who hold the position of senior managing official.
6. ट्रस्ट के मामले में, लाभाग्राही स्वामी (यों) की पहचान में ट्रस्ट के लेखक, ट्रस्टी, ट्रस्ट में पंद्रह प्रतिशत या उससे अधिक हिस्सेदारी वाले लाभार्थियों और नियंत्रण या स्वामित्व की श्रृंखला के माध्यम से ट्रस्ट पर अंतिम प्रभावी नियंत्रण रखने वाले किसी अन्य जीवित व्यक्ति की पहचान शामिल होगी। ]
   In case of a trust, the identification of beneficial owner(s) shall include identification of the author of the trust, the trustee, the beneficiaries with fifteen percent or more interest in the trust and any other natural person exercising ultimate effective control over the trust through a chain of control or ownership.
7. श्रेणी-I स्थानीय आपूर्तिकर्ता/ श्रेणी-II स्थानीय आपूर्तिकर्ता/ गैर-स्थानीय आपूर्तिकर्ता सार्वजनिक खरीद (मेक इन इंडिया को वरीयता), आदेश 2017 - संशोधन दिनांक 04.06.2020 और संशोधित 'सार्वजनिक खरीद (मेक इन इंडिया को वरीयता), उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिनांक 16.09.2020 के आदेश 2017 के संदर्भ में बोली लगाने के लिए पात्र हैं।
   Class-I Local Supplier/ Class-II Local Supplier/ Non-Local Supplier are eligible to bid in terms of Public Procurement (Preference to Make in India), Order 2017 – Revision dated 04.06.2020 and revised ‘Public Procurement (Preference to Make in India), Order 2017 dated 16.09.2020 issued by Department for Promotion of Industry and Internal Trade, Ministry of Commerce and Industry, Government of India.

## 3. मूल्यांकन के मानदंड

a. प्राप्त बोलियों का मूल्यांकन बोली दस्तावेज में दिए गए विनिर्देशों, नियमों और शर्तों के आधार पर किया जाना चाहिए।
   Bids received should be evaluated against the specifications, terms and conditions incorporated in the bidding document.
b. बोलियों के मूल्यांकन और तुलना के दौरान, क्रेता अपने विवेकाधिकार पर बोलीकर्ता से बोली पर स्पष्टीकरण मांग कर सकता है। क्रेता बोलीकर्ताओं से किसी भी स्पष्टीकरण और/ या अतिरिक्त दस्तावेज़ों का अनुरोध कर सकता है। बोली के मूल्य अथवा तत्त्व में किसी बदलाव करने, प्रस्ताव रखने अथवा अनुमति नहीं दी जाएगी। बोलीकर्ता की पहल पर बोली के बाद कोई स्पष्टीकरण नहीं

दिया जाएगा। क्रेता द्वारा, कमी संबंधी जानकारी और/ या दस्तावेज़ केवल उन ऐतिहासिक दस्तावेज़ों के मामले में मांगे जाएँगे, जो निविदा खुलने के समय पहले से मौजूद थे और जिनमें तब से कोई बदलाव नहीं हुआ है।

During evaluation and comparison of bids, the Purchaser may, at his/ her discretion, ask the bidder for clarifications on the bid. Purchaser may request for any clarification and/ or additional documents from the bidders. No change in the prices or substance of the bid shall be sought, offered or permitted. No post bid clarification at the initiative of the bidder shall be entertained. The shortfall information and/ or documents shall be sought, by the Purchaser, only in case of historical documents which pre-existed at the time of tender opening and which have not undergone any change since then.

c. बोलीकर्ताओं को बोलियां प्राप्त करने की समय-सीमा समाप्त होने के बाद अपनी बोलियों में परिवर्तन या संशोधन करने की अनुमति नहीं होगी।

Bidders shall not be permitted to alter or modify their bids after expiry of the deadline for receipt of bids.

d. निम्नतम [L1] बोलीकर्ता का चयन करने के लिए अर्हता मानदंडों सहित निविदा के निबंधन और शर्तों को पूर्ण करने वाली सभी प्रतिक्रिया बोलियों का मूल्यांकन किया जाएगा। तकनीकी-व्यावसायिक पहलुओं की तुलना प्रत्येक प्रस्ताव की कुल मूल्यांकन लागत के आधार पर एक सामान्य प्लेटफार्म पर तुलना की जाएगी, जोकि मूल कीमत के साथ-साथ अन्य प्रभारों और सभी वैधानिक उगाही/ कर/ प्रभारों को जोड़कर निकाली जाएगी। लागत तुलना के उद्देश्य से निविदा का हिस्सा बनने पर अनुरक्षण प्रभार को शामिल किया जाएगा। क्रेता को आने वाली सभी समावेशी लागत को वित्तीय निहितार्थ माना जाएगा। बोलियों का मूल्यांकन क्रेता को आने वाली लैंडिंग लागत के आधार पर किया जाएगा।

All responsive bids shall be evaluated with a view to select the lowest [L1] bidder who meets the qualification criteria, including terms and conditions of the tender. Techno-commercial aspects shall be compared on a common platform on the basis of total evaluated cost of each offer which will be arrived at by adding the basic price as well as other charges, and all statutory levies/ taxes/ duties. Maintenance charges shall be taken into account if it forms part of the tender for the purpose of cost comparison. The financial implication shall be considered as the all-inclusive cost to the Purchaser. Evaluation of the bids shall be done on the basis of landing cost to the Purchaser.

e. क्रेता अग्रिम भुगतान शर्तों को प्रोत्साहित नहीं करता है। अग्रिम भुगतान के मामले में, मूल्यांकन के उद्देश्य के लिए, निविदा खुलने की तिथि पर प्रचलित भारतीय स्टेट बैंक के एमसीएलआर के अनुसार उद्धृत सुपुर्दगी अवधि के लिए अग्रिम भुगतान की गई राशि पर ब्याज प्रभारित किया जाएगा। इसके अलावा, संविदा को निष्पादित करने में किसी भी विलंब के लिए, क्रेता संविदा के भंग के लिए उपलब्ध अन्य उपचारों के अलावा भुगतान की तारीख पर प्रचलित भारतीय स्टेट बैंक के एमसीएलआर में विलंब की अवधि के लिए अग्रिम भगुतान की गई राशि पर ब्याज वसूल करेगा।

Purchaser discourages advance payment terms. In case of advance payment, for the purpose of evaluation, interest shall be loaded on the amount so paid as advance for the delivery period quoted as per MCLR of State Bank of India

prevailing on the date of tender opening. Further, for any delay in executing the contract, Purchaser shall recover interest on the amount paid as advance for the delayed period at the MCLR of State Bank of India prevailing on the date of the payment besides other remedies available for breach of the contract.

f. यदि उद्धृत मूल्य अलग-अलग मुद्राओं में हैं, तो तुलनात्मक के उद्देश्य के लिए विदेशी मुद्राओं में प्रस्तावों को निविदा खुलने की तिथि पर प्रचलित विनिमय दर के आधार पर भारतीय रुपए में परिवर्तित कर दिया जाएगा।
If the quoted prices are in different currencies, then for comparison purpose the offers in foreign currencies will be converted into Indian Rupees based on the exchange rate prevailing on the date of tender opening.

g. यदि कोई बोलीकर्ता "शून्य" प्रभार/ प्रतिफल उद्धृत करता है, तो बोली को प्रतिक्रिया रहित माना जाएगा और इस पर विचार नहीं किया जाएगा।
If a bidder quotes “NIL’ charges/ consideration, the bid shall be treated as unresponsive and will not be considered.

h. बोलियों का मूल्यांकन सशर्त छूट के आधार पर नहीं किया जाएगा।
Evaluation of the bids shall not be done on the basis of conditional discounts.

i. भारत सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित उत्पाद आरक्षण और अधिमान्य/ अनिवार्य क्रय नीति के मानदंड में वस्तुओं की खरीद को प्राथमिकता देने का अधिकार क्रेता के पास सुरक्षित है। किसी भी वरीयता का दावा करने वाले बोलीकर्ताओं को उपयुक्त प्राधिकारी/ सरकार द्वारा जारी प्रासंगिक आदेशों/ अधिसूचनाओं के संदर्भ में निविदा के साथ प्रासंगिक और वैध पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करेंगे।
Purchaser reserves the right to give preference for procurement of goods in terms of product reservation and preferential/ mandatory purchase policy as notified by Government of India from time to time. Bidders claiming any preference shall submit relevant and valid registration certificate along with the tender in terms of the relevant Orders/ Notifications issued by appropriate Authority/ Government.

j. क्रेता के पास निविदा की मात्रा को 25% की सीमा तक मात्रा बढ़ाने/ घटाने का विकल्प सुरक्षित है।
Purchaser reserves the option to increase/ decrease the quantity to the extent of 25% of the tendered quantity.

k. क्रेता के पास कारण दर्ज कराते हुए किसी भी बोली को पूर्णतः या आंशिक रूप से, स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। क्रेता को निम्नतम या किसी भी निविदा को स्वीकार करने की बाध्यता नहीं होगी और निविदा के पूरे या किसी भी हिस्से या प्रस्तावित मात्रा के किसी हिस्से को स्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा और बोलीकर्ताओं को उद्धृत दरों पर उसकी आपूर्ति करनी होगी।
Purchaser reserves the right to accept or reject any quotation in full or part thereof by recording the reasons. The Purchaser shall be under no obligation to accept the lowest or any tender and reserves the right to accept whole or any part of the tender or part of the quantity offered and the bidders shall supply the same at the rates quoted.

l. क्रेता के पास समानांतर संविदा करने का अधिकार सुरक्षित है, यदि आरएफपी में अन्यथा निर्देश न हों।
Purchaser reserves the right to enter into parallel contract unless the instructions are otherwise in the RFP.

m. क्रेता के पास निविदा की शर्तों का अनुपालन न करने की स्थिति में या संविदा के दायरे के अनुसार कीमतें व्यवहार्य नहीं होने की स्थिति में किसी भी प्रस्ताव को अस्वीकार करने का अधिकार भी सुरक्षित है।
Purchaser also reserves the right to reject any offer in the event of non-compliance to tender terms and conditions or where the prices are not viable vis-a-vis the scope of the contract.

n. बोलीकर्ता बोली की शर्तों, बोली प्रक्रिया और/ या अपनी बोली की अस्वीकृति पर सवाल उठा सकता है
A bidder can question the bidding conditions, bidding process and/ or rejection of its bid.

o. निविदा पर कोई भी स्पष्टीकरण क्रेता से निविदा समापन तिथि से पर्याप्त पहले मांगा जाएगा, लेकिन किसी भी मामले में यह बोली समापन तिथि के 7 दिनों के भीतर नहीं होना चाहिए।
Any clarification on the tender shall be sought from the Purchaser well in advance of the tender closing date but in any case, it should not be within 7 days of bid closing date.

p. सार्वजनिक निविदाएँ बोलीकर्ताओं के अधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में खोली जाएंगी। यदि छुट्टी या तकनीकी कारणों से निविदाएँ नहीं खोली ज सकती हैं, तो निविदाएँ अगले कार्यदिवस पर खोली जाएगी।
Public Tenders shall be opened in the presence of the authorized representative of the bidders. In case the tenders cannot be opened due to holiday or technical reasons, the tender will be opened on the next working day.

4. **प्रस्ताव वैधता OFFER VALIDITY**

प्रस्ताव बोलियाँ खुलने की तिथि से नीचे उल्लिखित न्यूनतम दिनों के लिए वैध होगा।
एकल-भाग निविदा**: 90 दिन** ।
दो-भाग निविदा: भाग-1: के लिए **120 दिन** और भाग-2: मूल्य बोली खुलने के लिए **90 दिन** ।
The offer should be valid for a minimum number of days, as mentioned below, from the date of opening of the bids.
SinglePartTender: **90 Days**.
Two Part Tender: Part-1: **120 days** & Part-2: **90 days** from price bid opening.

वैधता अवधि के दौरान, बोलीकर्ता, क्रेता द्वारा अपेक्षित सीमा को छोड़कर, बोली को वापस या रद्द या अलग नहीं करेगा। क्रेता मूल बोली वैधता के भीतर संविदा को अंतिम रूप देने के सभी प्रयास करेगा। हालाँकि, यदि मूल बोली वैधता के दौरान संविदा को अंतिम रूप नहीं दिया जाता है, तो बोलीकर्ता से बोली वैधता बढ़ाने का अनुरोध किया जाएगा।
During the validity period the bidder shall not revoke or cancel or vary the bid except and to the extent required by Purchaser. Purchaser will make all efforts to finalize the

contract within the original bid validity. However, in case the contract is not finalized during the original bid validity then the bidder shall be requested to extend the bid validity.

5. **तकनीकी बोली और मूल्य बोली के लिए शर्तें TERMS FOR TECHNICAL-BID & PRICE-BID**

a. उद्धृत मूल्य निश्चित एवं नियत होगा। क्रेता के विकल्प पर, दीर्घकालिक अनुबंधों के मामले में, जहाँ इनपुट लागत एवं अन्य कारक परिवर्तन के अधीन होते हैं, विशेष रूप से आरएफपी/ निविदा में उल्लिखित मूल्य भिन्नता फॉर्मूला के अनुसार स्वीकार मूल्य भिन्नता स्वीकार की जा सकती है।
The price quoted shall be firm and fixed. At the option of the Purchaser, in case of long-term contracts where the input cost and other factors are subject to changes, price variation may be accepted as per price variation formula, if specifically mentioned in the RFP/ Tender.

b. दो-भाग निविदा [भाग-1: तकनीकी-वाणिज्यिक बोली और भाग-2: वित्तीय बोली] में, शुरुआत में केवल तकनीकी-वाणिज्यिक बोलियाँ खोली जाएंगी और उनका मूल्यांकन किया जाएगा। वित्तीय बोलियाँ केवल उन्हीं बोलियों के लिए खोली जाएंगी जो योग्यता मानदंडों और तकनीकी-वाणिज्यिक मानदंडों को सफलतापूर्वक पूर्ण करती हों। यदि भाग-1 [तकनीकी-वाणिज्यिक बोली] में किसी भी प्रकार की कीमत शामिल है, तो बोली रद्द कर दी जाएगी।
In a two-part tender [Part-1: Techno-commercial bid and Part-2: Financial bid], initially only the techno-commercial bids would be opened and evaluated. The financial bids will be opened only for the bids which successfully meet the qualification criteria and techno-commercial criteria. The bid will be rejected if price of any nature is included in Part-1 [Techno-commercial bid].

c. बोलीकर्ता ध्यान दें कि दर, कर एवं प्रभार, माल दुलाई और किसी अन्य उगाही के लिए प्रविष्टियां केवल मूल्य बोली प्रपत्र/ विक्रेता निर्दिष्ट शर्तों में दिए गए संबंधित फील्ड्स में की जाएं।
Bidders shall note that the entries for rate, taxes & duties, freight and any other levy shall be entered only in the relevant fields as provided in the price bid form/ vendor specified terms.

d. यदि निविदा दस्तावेज/ आरएफपी में विशेष रूप से उल्लेख किया गया है, तो केवल अधिकृत डीलरों/ अभिकर्ता/ मूल निर्माताओं के उनके मान्यता प्राप्त प्रतिनिधि दस्तावेजी साक्ष्य के साथ कोटेशन प्रस्तुत करेंगे।
If specifically mentioned in the tender document/ RFP, only the authorized dealers/ agents/ representatives of original manufacturers shall submit the quotation with documentary evidence.

e. वस्तुओं के विर्निदेशों और विवरणों के समर्थन में सभी उपलब्ध तकनीकी पाठ्यसामग्री, सूचीपत्र और अन्य आंकडें प्रस्ताव के साथ प्रस्तुत किए जाएंगे।
All available technical literature, catalogues and other data in support of the specifications and details of the items shall be furnished along with the offer.

f. प्रस्तावित वस्तुओं का अनुमानित निवल और सकल वजन आपके प्रस्ताव में सूचित करना होगा। यदि आकार विवरण उपलब्ध हैं, तो प्रस्ताव में भी सूचित करना होगा।

Approximate net and gross weight of the items offered shall be indicated in your offer. If dimensional details are available, the same shall also be indicated in the offer.

g. प्रस्तावित स्टोर्स के लिए निविदा विनिर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जाएगा। विचलन यदि कोई है, तो बोलीकर्ता को कोटेशन में स्पष्ट रूप से सूचित किया जाएगा। बोलीकर्ता प्रस्तावित स्टोर्स के मेक/ मॉडल नंबर को भी इंगित करेगा। परीक्षण प्रमाण-पत्र जहाँ भी आवश्यक हो, आपूर्ति के साथ अग्रेषित किया जाएगा। हमारे विनिर्देशों में जहाँ भी विकल्प मांगे गए हैं, बोलीकर्ता ऐसे सभी विकल्पों पर प्रतिक्रिया देगा।
Stores offered shall strictly conform to the tender specifications. Deviations, if any, shall be clearly indicated by the bidder in the quotation. The bidder shall also indicate the Make/ Model number of the stores offered. Test Certificates, wherevernecessary, shall be forwarded along with supplies. Wherever options have been called for in our specifications, the bidder shall address all such options.

h. कोई भी चित्र, विनिर्देश, अंतिम उपयोग आदि, जो निविदा दस्तावेज का हिस्सा हैं, बोलीकर्ता द्वारा किसी अन्य पार्टी को प्रकट नहीं किया जाएगा।
Any drawings, specifications, end use, etc., which are part of the tender document shall not be disclosed by the bidder to any third party.

i. सभी पत्राचार में निविदा संख्या का उल्लेख किया जाएगा।
Tender number shall be mentioned in all correspondence.

## 6. भुगतान शर्तें PAYMENT TERMS

a. सामान्यतः क्रेता की साइट पर सामग्री की प्राप्ति, स्थापना (जो भी लागू हो) एवं स्वीकृति के 30 दिनों के भीतर संविदा/ क्रय आदेश मूल्य के 100% भुगतान किया जाएगा।
Normally 100% of the contract/ PO value will be made within 30 days of receipt, installation (wherever applicable) & acceptance of the material at Purchaser's site.

b. भुगतान की अन्य शर्तें जैसे साइट ड्राफ्ट/ साख पत्र पर क्रेता द्वारा ऐसे निबंधनों और शर्तों पर विचार किया जा सकता है, जिन पर विदेशी आपूर्तिकर्ताओं के मामले में सहमति हो सकती है।
Other terms of payment like Sight Draft/ Letter of Credit may be considered by the Purchaser on such terms and conditions as may be agreed upon in case of foreign suppliers.

c. साइट ड्राफ्ट/ साख पत्र निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रस्तुति पर व्यवहार्य होगा:
The Sight Draft/ Letter of Credit will be operative on presentation of the under mentioned documents:

1. लैडिंग/ एयरवे बिल की मूल प्रति Original Bill of Lading/ Airway Bill
2. सुपुर्द किए गए स्टोर्स का विवरण, मात्रा, इकाई दर एवं उसका कुल मूल्य दर्शाने वाले वाणिज्यिक रूप से प्रमाणित इनवाइस की तीन प्रतियाँ।
इनवाइस में छूट और अभिकरण कमीशन का उल्लेख अलग से होना चाहिए यदि कोई है तो
Commercially certified invoices in triplicate, describing the stores delivered, quantity, unit rate and their total value. The invoice should indicate discounts, and Agency Commission if any separately.

3. पैकेज का वैयक्तिक आकार और वजन दर्शाने वाली पैकिंग सूची।
   Packing List showing individual dimensions and weight of packages.
4. मूल देश के प्रमाण-पत्र की दो प्रतियों
   Country of Origin Certificate in duplicate.
5. परीक्षण प्रमाण-पत्र
   Test Certificate.
6. विक्रेता द्वारा घोषणा कि प्रत्येक मामले में सामग्री इनवॉयस की प्रविष्टि से कम नहीं है और क्रेता द्वारा मांगे गए विनिर्देशों के अनुसार स्टोर्स की गुणवत्ता की गारंटी है।
   Declaration by the Seller that the contents in each case are not less than those entered in the invoices and the quality of the Stores are guaranteed as per the specifications asked for by the Purchaser.
7. वारंटी और गारंटी प्रमाण पत्र/ त्रों IWarrantee and guarantee Certificate/ s.

d. किसी भी सेवा के लिए भुगतान, सेवाओं की संतोषजनक पूर्णता और क्रेता से उस प्रभाव के लिए प्रमाणीकरण के बाद किया जाएगा।
   For any Services, payment will be made after satisfactory completion of the services and certification to that effect from the Purchaser.

e. हमारे बैंकर भारतीय स्टेट बैंक (IFSC: SBIN0003967), जोधपुर टेकरा शाखा, अहमदाबाद, गुजरात -380 015, भारत हैं।
   Our Bankers Are State Bank of India (IFSC: SBIN0003967), Jodhpur Tekra Branch, Ahmedabad, Gujarat -380 015, India.

f. बोलीकर्ताओं द्वारा प्रस्तावित किसी भी अन्य भुगतान शर्त पर क्रेता द्वारा विचार किया जा सकता है बशर्ते कि ऐसे सभी भुगतान मद की आपूर्ति/ सेवा की पूर्णता/ चिह्नित सत्यापनयोग्य बिंदुओं के समक्ष होंगे। अग्रिम भुगतान, यदि कोई हो, तो निजी फर्मों के साथ संविदा मूल्य का 30% और राज्य या केंद्र सरकार की एजेंसियों या सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम के साथ संविदा मूल्य का 40% से अधिक नहीं होगा। अनुरक्षण संबंधी के मामले में, अग्रिम भुगतान संविदा के तहत 6 महीने के लिए देय राशि से अधिक नहीं होगा। अग्रिम भुगतान भारत में किसी भी वाणिज्यिक बैंक/ प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय बैंक से समकक्ष मूल्य की बैंक गारंटी के समक्ष किया जाएगा, जो उत्पाद की प्राप्ति और स्वीकृति/ सेवा की पूर्णता के बाद 60 दिनों तक वैध होगा।
   Any other payment terms offered by the bidders may be considered by the Purchaser provided that all such payments shall be against receipt of the items/ completion of service/ identified verifiable milestones. Advance payment, if any, shall not exceed 30% of the contract value to private firms and 40% of contract value to a State or Central Government agencies or a Public Sector Undertaking. In case of maintenance contracts, the advance payment shall not exceed the amount payable for 6 months under the contract. Advance payments shall be against Bank Guarantee of equivalent value from any Commercial Bank in India/ International Bank of repute, valid till 60 days beyond the receipt and acceptance of the product/ completion of service.

g. क्रेता को अपने बैंक को देय बैंक प्रभार का वहन करना होगा, संविदाकार को अपने बैंक को देय बैंक प्रभार का वहन करना होगा।

Purchaser shall bear the Bank charges payable to his Bank, the Contractor shall bear the Bank charges payable to their bank.

h. जीएसटीएन/ यूआईएन नंबर GSTN/ **UIN No**.: 2417IND00002ON2
i. आयात निर्यात कोड **Import Export Code**: AMDCG0111E

## 7. कर और प्रभार TAXES AND DUTIES

a. कर और प्रभार प्रस्ताव में स्पष्ट रूप से दर्शाए जाएंगा।
Taxes and Duties shall be distinctly shown in the offer.

b. राजस्व विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिनांक 14.11.2017 की अधिसूचना सं. 45/ 2017-केंद्रीय कर (दर) और दिनांक 14.11.2017 की अधिसूचना संख्या 47/ 2017 -एकीकृत कर (दर) के अनुसार क्रेता जीएसटी की रियायती दर के लिए पात्र है। क्रेता उक्त अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली वस्तुओं के लिए आवश्यक प्रमाण-पत्र जारी करेगा, बशर्ते बोलीकर्ता द्वारा अपने कोटेशन में इसका अनुरोध किया गया हो।
The Purchaser is eligible for concessional rate of GST as per Notification No. 45/ 2017-Central Tax (Rate) dt.14.11.2017 and Notification No. 47/ 2017 dt.14.11.2017-Integrated Tax (Rate) issued by Department of Revenue, Ministry of Finance, Government of India. The Purchaser will issue the necessary certificate for the items covered under the said notification provided the same is requested by the bidder in their quotation.

c. क्रेता, राजस्व विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिनांक 30.06.2017 की अधिसूचना संख्या 50/ 2017-सीमा प्रभार और दिनांक 25.01.2018 की अधिसूचना संख्या 5/ 2018-सीमा प्रभार के अनुसार आयात पर सीमा प्रभार और आईजीएसटी की रियायती दर के लिए पात्र है। उक्त अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली वस्तुओं के लिए, क्रेता आवश्यक प्रमाण-पत्र जारी करेगा, बशर्ते बोलीकर्ता द्वारा अपने कोटेशन में इसका अनुरोध किया गया हो। तदनुसार, उद्धृत कीमतें सीमा प्रभार मूल्य और आईजीएसटी घटक निकालकर उद्धृत की जाएंगी।
Purchaser is eligible for concessional rate of Customs Duty and IGST on imports as per Notification No. 50/ 2017-Customs dt.30.06.2017 and Notification No.5/ 2018-Customs dt.25.01.2018 issued by Department of Revenue, Ministry of Finance, Government of India. For the items covered under the said notification, the Purchaser will issue the necessary certificate for the items covered under the said notification provided the same is requested by the bidder in their quotation. Accordingly, prices shall be quoted exclusive of Customs Duty and IGST component.

## 8. भारतीय ऐजेंट INDIAN AGENTS

a. भारतीय प्रमुख की तरफ से भारतीय अभिकर्ताओं द्वारा किए गए प्रस्तावों को उनके अभिकर्ताओं के प्रोफार्मा इनवॉयस द्वारा समर्थित किया जाना चाहिए, जो भारतीय अभिकर्ता को देय कमीशन और भारतीय अभिकर्ता द्वारा प्रदान की जाने वाली बिक्री सेवा की प्रकृति को दर्शाते हैं।

Offers made by Indian Agents on behalf of their Principals should be supported by the Proforma Invoice of their Principals indicating the commission payable to the Indian Agent and nature of after sales service to be rendered by the Indian Agent.

b. अपने प्रमुख की ओर से भारतीय अभिकर्ता कोटेशन देते समय बोली के साथ अपने प्रमुख/ ओईएम से वैध प्राधिकरण प्रमाण-पत्र बोली के साथ संलग्न करना होगा।
Indian Agents while quoting on behalf of their principals shall attach valid authorization certificate from their Principal/ OEM along with the bid.

c. यदि एक से अधिक अभिकर्ता/ वितरक शामिल हैं, तो शामिल विक्रेताओं के बीच विशिष्ट संबंधों का उल्लेख करने वाले ओईएम से प्राप्त प्रमाण-पत्र की एक प्रति बोली के साथ प्रस्तुत की जाएगी।
If more than one agent/ distributors are involved, a copy of certification from OEM mentioning the specific relationship among the vendors involved shall be submitted along with the bid.

d. निविदा में या तो प्रमुख/ ओईएम की ओर से भारतीय अभिकर्ता या प्रमुख/ ओईएम स्वयं बोली लगा सकता है, लेकिन दोनों एक ही निविदा में एक ही वस्तु/ उत्पाद के लिए एक साथ बोली नहीं लगा सकते हैं।
In a tender either the Indian Agent on behalf of the Principal/ OEM or Principal/ OEM itself can bid but both cannot bid simultaneously for the same item/ product in the same tender.

e. यदि प्रमुख/ ओईएम की ओर से कोई भारतीय अभिकर्ता बोली प्रस्तुत करता है, तो वही भारतीय अभिकर्ता उसी वस्तु/ उत्पाद के लिए उसी निविदा में किसी अन्य प्रमुख/ ओईएम की ओर से बोली प्रस्तुत नहीं करेगा।
If an Indian agent submits bid on behalf of the Principal/ OEM, the same Indian Agent shall not submit a bid on behalf of another Principal/ OEM in the same tender for the same item/ product.

f. अभिकरण कमीशन: उद्धृत मूल्य में शामिल अभिकरण कमीशन का%/ राशि, और विदेशी आपूर्तिकर्ताओं के भारतीय अभिकर्ता को देय राशि का भुगतान भारतीय अभिकर्ता को सीधे भारतीय रुपये में किया जाएगा, जिसकी गणना एक्सचेंज के टेलीग्राफिक ट्रांसफर पर खरीद दर के आधार पर, क्रय आदेश की जारी करने की तिथि और भंडार की प्राप्ति एवं स्वीकृति की तिथि से 30 दिनों के भीतर किया जाएगा। किसी भी मामले में अभिकरण कमीशन का भुगतान विदेशी मुद्रा में नहीं किया जाएगा।
Agency Commission: The percentage/ amount of agency commission included in the quoted price and payable to the Indian Agent of foreign suppliers shall be paid directly to the Indian Agent in equivalent Indian Rupees worked out on the basis of Telegraphic Transfer buying rate of exchange prevailing on the date of placement of Purchase Order and within 30 days from the date of receipt and acceptance of stores. In no case the agency commission shall be paid in foreign exchange.

## 9. सुपुर्दगी शर्तें और सुपुर्दगी अवधि DELIVERY TERMS AND DELIVERY PERIOD

a. वितरण की शर्तें नवीनतम इंकोटर्म्स 2020 के संदर्भ में उद्धृत की जानी हैं। आयातित स्टोर्स के मामले में, सामान्य वितरण शर्तें पूर्व-कार्य/ एफओबी/ एफसीए (स्थान का नाम) होगी। आवश्यकता

और उपयुक्तता के आधार पर अन्य शर्तों को भी स्वीकार किया जा सकता है। स्वदेशी स्टोर्स के मामले में, कोटेशन फॉर-डेस्टिनेशन/ डोर सुपुर्दगी के आधार पर होना चाहिए।
The delivery terms are to be quoted in terms of latest INCOTERMS 2020. In case of imported stores the normal delivery terms shall be Ex-Works/ FOB/ FCA (name of place). Other terms can also be accepted based on need and suitability. In case of indigenous stores, the quotation should be on FOR-Destination/ Door delivery basis.

b. सुपुर्दगी की अवधि विनिर्दिष्ट की जाएगी। यदि निविदा में संस्थापना की मांग की गई है, तो बोलीकर्ता आपूर्ति और संस्थापना के लिए अलग-अलग शेड्यूल का उल्लेख करेंगे।
Delivery period shall be specified. In case the tender calls for installation then the bidders shall mention the schedule for supply and installation separately.

c. क्रय आदेश/ संविदा में विनिर्दिष्ट स्टोर्स की सुपुर्दगी की तिथि का संविदा का सार माना जाएगा और सुपुर्दगी विनिर्दिष्ट तिथियों या उससे पहले पूरा किया जाना चाहिए।
The date of delivery of the stores stipulated in the Purchase Order/ Contract shall be deemed to be the essence of the Contract and delivery must be completed on or before the specified dates.

d. पार्ट शिपमेंट की अनुमति नहीं है जब तक कि क्रेता द्वारा विशेष रूप से सहमति न हो।
Part shipment is not allowed unless specifically agreed by Purchaser.

e. जहाँ निर्माण, संयोजन या कमीशनिंग संविदा का हिस्सा हैं, इसे सूचना मिलने पर तुरंत किया जाना चाहिए। इस जिम्मेदारी को पूरा करने में विलंब के कारण हुए किसी भी नुकसान/ क्षति के लिए संविदाकार उत्तरदायी होगा।
Where erection or assembly or commissioning is a part of the Contract, it should be done immediately on notification. The Contractor shall be responsible for any loss/ damage sustained due to the delay in fulfilling this responsibility.

f. शेल्फ लाइफ वाली सामग्री के लिए, यदि ऑर्डर दिया जाता है तो अधिकतम शेल्फ लाइफ वाले उत्पादों की आपूर्ति की जानी चाहिए।
For items having shelf life, those with maximum shelf life should be supplied if order is placed.

g. यदि संविदाकार निर्दिष्ट तिथि/ अवधि के भीतर आदेशित वस्तुओं और/ या सेवाओं की सुपुर्दगी करने में विफल रहता है, तो क्रय आदेश/ संविदा ऐसी निर्दिष्ट सुपुर्दगी तिथि/ अवधि की समाप्ति के बाद मान्य नहीं रहेगा। क्रेता निर्दिष्ट सुपुर्दगी तिथि/ अवधि के बाद माल/ सेवाओं की सुपुर्दगी लेने से इनकार कर सकता है।
If the contractor fails to deliver the ordered items and/ or services within the specified date/ period, the Purchase Order/ Contract does not per se hold good after expiry of such specified delivery date/ period. The Purchaser may refuse to take delivery of the goods/ services after the specified delivery date/ period.

h. **प्रेषण का माध्यम MODE OF DESPATCH**
आम तौर पर, स्टोर्स भारतीय ध्वजांकित वेसल/ एयर इंडिया या क्रेता द्वारा नामित किसी अन्य अभिकरण के माध्यम से भेजा जाना चाहिए।

Generally, stores should be despatched through Indian Flagged Vessel/ Air India or through any other Agency nominated by the Purchaser.

i. **प्रवेश पत्तन: एयर शिपमेंट के लिए: अहमदाबाद समुद्र द्वारा शिपमेंट्स के लिए: न्हावा शेवा/ मुंबई बंदरगाह**
**PORT OF ENTRY:** For Air shipments: AHMEDABAD for Sea Shipments: NHAVA SHEVA/ Mumbai Seaport

**अंतिम परेषक ULTIMATE CONSIGNEE:**
प्रधान क्रय एवं भंडार Head, Purchase & Stores,
केंद्रीय भंडार Central Stores,
अंतरिक्ष उपयोग केंद्र सैक Space Applications Centre (SAC),
अंबावाड़ी विस्तार डाकघर, Ambawadi Vistar PO,
अहमदाबाद Ahmedabad

10. **शिपिंग पर अंकन SHIPPING MARKS :**

इनवॉइस, एयरवे बिल/ लैडिंग बिल और पैकेज जैसे शिपिंग दस्तावेजों पर निम्नानुसार उल्लेख किया जाए:
The mark on the shipping documents such as invoice, airway bill/ bill of lading and on the packages should be as follow:

क्रय आदेश सं. PURCHASE ORDER NO. .............................।
दिनांकित DATED .......................

**भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA**
**अंतरिक्ष विभाग DEPARTMENT OF SPACE,**
**अंतरिक्ष उपयोग केंद्र, SPACE APPLICATIONS CENTRE**

गंतव्य Destination: .........................
प्रवेश का बंदरगाह Port of Entry: ........................

**11. पूर्णता में विलम्ब/ परिसमापन क्षति DELAY IN COMPLETION/ LIQUIDATED DAMAGES**

यदि संविदाकार संविदा/ क्रय आदेश या उसके किसी विस्तार में निर्दिष्ट समय के भीतर क्रय आदेश निष्पादित करने में विफल रहता है, तो क्रेता देरी के प्रत्येक कैलेंडर सप्ताह या उसके हिस्से के लिए, अप्राप्त स्टोर्स के लिए संविदाकार से क्रय आदेश/ संविदा मूल्य की 0.5% राशि परिसमापन क्षति के रूप में वसूल करेगा। कुल परिसमापन क्षति क्रय आदेश/ संविदा मूल्य के 10% से अधिक नहीं होगी। स्टोर्स केवल तभी सुपुर्दगी किया गया माना जाएगा जब उनके सभी घटकों और भागों की भी सुपुर्दगी कर दी जाएगी। यदि कुछ घटकों की समय पर सुपुर्दगी नहीं की जाती है, तो स्टोर्स को तब तक विलंबित माना जाएगा जब तक कि अप्राप्त हिस्सों की सुपुर्दगी नहीं कर दी जाती है।
If the Contractor fails to execute the Purchase Order within the time specified in the contract/ purchase order or any extension thereof, the Purchaser shall recover from the Contractor as liquidated damages a sum of 0.5% of the PO/ Contract value of the undelivered stores for each calendar week of delay or part thereof.

The total liquidated damages shall not exceed 10% of the PO/ Contract value. Stores will be deemed to have been delivered only when all their components, parts are also delivered. If certain components are not delivered in time, the stores will be considered as delayed until such time as the missing parts are delivered.

12. **अप्रत्याशित घटना FORCE MAJEURE**

अप्रत्याशित घटना (एफएम) का आशय मानव नियंत्रण से परे असाधारण घटना या परिस्थिति जैसे कि दैवीय कृत्य (जैसे प्राकृतिक आपदा) के रूप में वर्णित घटना या युद्ध, हड़ताल, दंगे, अपराध (लेकिन इसमें लापरवाही या गलत काम, पूर्वानुमेय/ मौसमी बारिश और खंड में विशेष रूप से शामिल कोई अन्य घटना शामिल नहीं है)। जब ऐसी घटनाओं द्वारा संविदा के तहत अपने दायित्वों को पूरा करने से रोका जाता है तो संविदा में यह अप्रत्याशित घटना खंड दोनों पक्षों को संविदात्मक दायित्व या बाध्यताओं से मुक्त करता है । अप्रत्याशित घटना खंड किसी पार्टी के गैर-प्रदर्शन को पूरी तरह से मुक्त नहीं करती है, अपितु केवल अप्रत्याशित घटना की अवधि के लिए इसे निलंबित करता है। फर्म को अप्रत्याशित घटना के घटित होते ही इसकी सूचना देनी होती है और इसे पूर्वव्यापी रूप से दावा नहीं किया जा सकता है। यदि इस संविदा के अंतर्गत किसी दायित्व का पूर्ण या आंशिक निष्पादन अप्रत्याशित घटना के किसी भी कारण से 90 (नब्बे) दिनों से अधिक अवधि के लिए रोका जाता है या विलंबित किया जाता है, तो कोई भी पार्टी अपने विकल्प पर किसी भी पार्टी पर किसी भी वित्तीय प्रतिकूल प्रभाव के बिना संविदा को समाप्त कर सकती है।

A Force Majeure (FM) means extraordinary events or circumstance beyond human control such as an event described as an act of God (like a natural calamity) or events such as a war, strike, riots, crimes (but not including negligence or wrong-doing, predictable/ seasonal rain and any other events specifically excluded in the clause). An FM clause in the contract frees both parties from contractual liability or obligation when prevented by such events from fulfilling their obligations under the contract. An FM clause does not excuse a party’s non-performance entirely, but only suspends it for the duration of the FM. The firm has to give notice of FM as soon as it occurs and it cannot be claimed ex-post facto. There may be a FM situation affecting the purchase organisation only. In such a situation, the purchase organisation is to communicate with the supplier along similar lines as above for further necessary action. If the performance in whole or in part or any obligation under this contract is prevented or delayed by any reason of FM for a period exceeding 90 (Ninety) days, either party may at its option terminate the contract without any financial repercussion on either side.

संविदा में देरी या संविदा के उल्लंघन के लिए दंडात्मक प्रावधानों के बावजूद, आपूर्तिकर्ता पर ऐसी कोई भी प्रतिबंध लागू नहीं किए जाएंगे, जब तक कि संविदा के तहत अपने दायित्वों को पूरा करने में आपूर्तिकर्ता की देरी और/ या विफलता अप्रत्याशित घटना खंड में शामिल किसी घटना का परिणाम हो।

Notwithstanding the punitive provisions contained in the contract for delay or breach of contract, the supplier would not be liable for imposition of any such sanction so long as the delay and/ or failure of the supplier in fulfilling its obligations under the contract is the result of an event covered in the FM clause.

## 13. **निष्पादन सुरक्षा PERFORMANCE SECURITY**

a. क्रय आदेश/ संविदा प्रदान करने पर, सफल बोलीकर्ता के क्रय आदेश के संतोषजनक निष्पादन के लिए, क्रेता द्वारा दिए गए प्रारूप के अनुसार , क्रय आदेश/ संविदा की पावती के साथ, बैंक गारंटी या फिक्स डिपॉजिट के माध्यम से क्रय आदेश/ संविदा मूल्य के 3% की राशि की प्रतिभूति जमा करेगा। निष्पादन सुरक्षा राशि संविदात्मक दायित्वों के पूरा होने के 60 दिनों के बाद तक वैध रहेगी। केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/ सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों/ स्वायत्त निकायों को निष्पादन सुरक्षा राशि जमा करने से छूट दी जाएगी। हालाँकि, उन्हें निष्पादन सुरक्षा राशि के बदले क्षतिपूर्ति बांड जमा करना होगा।
On award of the Purchase Order/ Contract the successful bidder shall submit Performance Security along with the acknowledgement of Purchase Order/ Contract, as per the format provided by the Purchaser, for 3% of the Purchase Order/ Contract value through Bank Guarantee or Fixed Deposit Receipt for satisfactory execution of the Purchase Order/ Contract. The Performance Security shall be valid for 60 days beyond the completion of the contractual obligations. Central PSUs/ PSEs/ Autonomous Bodies shall be exempted from submitting Performance Security. However, they shall be required to submit an Indemnity Bond in lieu of Performance Security.

b. निष्पादन सुरक्षा जमा न करने पर क्रय आदेश/ संविदा रद्द किया जा सकता है और क्रेता द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली कोई भी अन्य कार्रवाई की जा सकती है। वारंटी अवधि सहित सभी संविदात्मक/ क्रय आदेश दायित्वों को पूरा होने के बाद, बिना किसी ब्याज के निष्पादन सुरक्षा राशि संविदाकार को वापस कर दी जाएगी।
Non-submission of Performance Security will entail cancellation of Purchase Order/ Contract and any other action deemed fit by the Purchaser. The Performance Security will be returned to the Contractor, without any interest, after completion of all Contractual/ Purchase Order obligations, including warranty period.

## 14. **सामग्री जारी करना ISSUE OF MATERIALS**

यदि संविदा में उल्लेख किया गया है, तो जारी किए जाने वाले सामान के मूल्य के बराबर और क्रेता द्वारा आइटम की प्राप्ति तक की अवधि हेतु बैंक गारंटी के समक्ष निर्माण/ मरम्मत/ अंशांकन/ परीक्षण के उद्देश्य से संविदाकार को कच्चा माल/ अर्द्ध निर्मित उत्पाद/ उपकरण/ कोई अन्य उत्पाद जारी किए जा सकते हैं।
If provided for in the PO/ Contract, Purchaser may issue raw materials/ semi-finished products/ equipment/ any other product to the contractor for the purpose of fabrication/ repairs/ calibration/ testing against Bank Guarantee equivalent to the value of the item being issued and valid till receipt of the item by Purchaser.

## 15. गारंटी/ वारंटी GUARANTEE/ WARRANTY

a. निविदा में उल्लिखित गारंटी/ वारंटी अवधि, बोली के साथ उद्धृत किया जाएगा। गारंटी/ वारंटी, संविदा के अंतर्गत आपूर्ति किए गए पूरे उपकरणों की संस्थापना और स्वीकृति की तिथि से शुरू होगी।
The guarantee/ warranty period as mentioned in the tender shall be indicated along with the quote. Guarantee/ Warranty shall commence from the date of installation and acceptance of the complete equipment supplied under the contract.

b. संविदाकार गारंटी/ वारंटी प्रदान करेगा कि आपूर्ति किए गए स्टोर्स सामग्री, कारीगरी और निष्पादन के लिए निर्धारित विनिर्देशों के पूरी तरह से अनुरूप होंगे।
The Contractor shall guarantee/ warranty that the stores supplied shall comply fully with the specifications laid down, for material, workmanship and performance.

c. यदि इसमें कोई दोष पाया गया है कि उचित उपयोग के दौरान दोषपूर्ण डिजाइन, सामग्री या कारीगरी के वजह से किसी प्रकार का दोष उत्पन्न होता है, तो संविदाकार इस तरह के दोषों का अपने खर्च पर निवारण करेगा, बशर्ते क्रेता द्वारा संविदाकार को ऐसा करने के लिए कहा जाता है, जो लिखित में बताएगा कि सामग्री या उसके किसी भी हिस्से में क्या दोष है।
If any defects are discovered therein or any defects therein are found to have developed under proper use, arising from faulty design, material or workmanship, the Contractor shall remedy such defects at their own cost provided the Contractor is called upon to do so by the Purchaser who shall state in writing in what respect the stores or any part thereof are faulty.

d. यदि क्रेता की राय में किसी भी त्रुटिपूर्ण स्टोर्स को प्रतिस्थापित या नवीनीकृत करना आवश्यक हो जाता है, तो संविदाकार द्वारा क्रेता को ऐसा प्रतिस्थापन या नवीनीकरण निःशुल्क किया जाएगा।
If, in the opinion of the Purchaser, it becomes necessary to replace or rectify any defective stores, such replacement or rectification shall be made by the Contractor free of all costs to the Purchaser.

e. यदि संविदाकार दोषों को सुधारने में असफल रहता है, तो क्रेता को त्रुटिपूर्ण सामग्री के किसी भी हिस्से को संविदाकार की लागत पर अस्वीकार, मरम्मत करने या प्रतिस्थापित करने का अधिकार होगा।
Should the Contractor fail to rectify the defects, the Purchaser shall have the right to reject or repair or replace at the cost of the Contractor the whole or any portion of the defective stores.

f. क्रेता की ओर से किसी भी पूर्व अनुमोदन या स्वीकृति या निरीक्षण के बावजूद, संविदाकार द्वारा आपूर्ति किए गए स्टोर्स त्रुटिपूर्ण होने या गारंटी/ वारंटी अवधि के भीतर कोई दोष विकसित होने या दोषों की प्रकृति नवीनीकरण या प्रतिस्थापन की आवश्यकता होने का क्रेता का निर्णय, अंतिम, निर्णायक और संविदाकार पर बाध्यकारी होगा।
The decision of the Purchaser, notwithstanding any prior approval or acceptance or inspection thereof on behalf of the Purchaser, as to whether or not the stores supplied by the Contractor are defective or any defect has developed within the

guarantee/ warranty period or as to whether the nature of the defects requires renewal or replacement, shall be final, conclusive and binding on the Contractor.

g. सभी प्रतिस्थापन स्टोरों में गारंटी/ वारंटी क्रेता की साइट पर स्टोर्स की प्राप्ति एवं स्वीकृति की तिथि से होगी।
All the replacement stores shall have guarantee/ warranty from the date of receipt & acceptance of the stores at Purchaser's site.

## 16. पैकिंग, अग्रेषण और बीमा PACKING, FORWARDING & INSURANCE

a. संविदाकार सभी सामान को उष्णकटिबंधीय आर्द्र जलवायु के लिए उपयुक्त मानक पद्धति के अनुसार और इस तरह से पैक और क्रेट करेगा, जिससे सड़क/ रेल/ समुद्र/ हवाई शिपमेंट द्वारा पारगमन में माल को क्षति और क्षरण न पहुँचे। अनुचित पैकिंग के कारण हुए सभी तरह के नुकसान के लिए संविदाकार को जिम्मेदार ठहराया जाएगा।
The Contractor shall pack and crate all stores for road/ rail/ sea/ air shipment suitable for tropical humid climate in accordance with standard practices and in such a manner so as to protect it from damage and deterioration in transit. The contractor shall be held responsible for all damages due to improper packing.

b. संविदाकार सुनिश्चित करेगा कि प्रत्येक बॉक्स/ शिपमेंट की इकाई सही पहचान के लिए सुपाठ्य और उचित रूप से चिह्नित हो। प्रत्येक पैकेज के अंदर इनवॉइस और पैकिंग सूची की एक प्रति अवश्य रखी जानी चाहिए। इस आवश्यकता का अनुपालन करने में विफल होने पर संविदाकार अतिरिक्त खर्चों के लिए उत्तरदायी होगा।
The Contractor shall ensure that each box/ unit of shipment is legibly and properly marked for correct identification. A copy of the invoice and packing list should invariably be kept inside each of the packages. The failure to comply with this requirement shall make the Contractor liable for additional expenses involved.

c. संविदाकार फैक्स/ ईमेल द्वारा क्रेता को शिपमेंट विवरण सूचित करेगा।
The Contractor shall notify the Purchaser the shipment details by fax/ email.

d. संविदाकार क्रेता को निवल एवं सकल भार, आकार, प्रत्येक पैकेज की सामग्री इत्यादि से संबंधित पूर्ण शिपमेंट जानकारी देगा।
The Contractor shall give complete shipment information concerning the net & gross weight, size, content of each package, etc. to the Purchaser.

e. आमतौर पर क्रेता माल का बीमा नहीं करता है। हालाँकि, बीमा की आवश्यकता या अन्यथा क्रय आदेश/ संविदा में दर्शाई जाएगी।
Normally the Purchaser does not insure the goods. However, the necessity or otherwise of insurance will be as indicated in the Purchase Order/ Contract.

f. एफएओ, संयुक्त राष्ट्र के अंतरराष्ट्रीय संयंत्र संरक्षण समूह की अपेक्षा के अनुरूप, निम्नलिखित तत्काल प्रभाव से अनिवार्य हो गया है।
In tune with the requirement of international plant protection convention of the FAO, UN the following has become mandatory with immediate effect.

1. पैकिंग के लिए उपयोग किए जाने वाले किसी भी प्रकार के वनस्पति से निर्मित सामग्री को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार 32 घंटे के लिए रासायनिक संसेचन के लिए 48 ग्रा/ सीयूएम पर कम से कम 30 घंटे मेथिलब्रोमाइड धूमन के लिए 56 डिग्री सेंटीग्रेड पर हियर-किल्न भट्ठी उपचार सहित उपचार की आवश्यकता होगी।
   All packing materials of any kind of plant origin used for packing shall require treatment including hear-kiln treatment at 56 degree centigrade for a minimum of 30 hours of methylbromide fumigation at 48g/ cum for 32 hours of chemical impregnation as per international standards.
2. यदि उपरोक्त प्रमाण पत्र के बिना माल भेजा जाता है, तो सभी विलंब प्रभार और उपचार के लिए अन्य प्रभार आदि आपूर्तिकर्ताओं को भरने होंगे।
   If the consignments are sent without the aforesaid certificate, all demurrages and other charges for treatment etc. will be to the account of the suppliers.
3. प्रस्ताव प्रस्तुत करते समय इस पहलू का ध्यान रखना चाहिए।
   This aspect also should be taken care of while submitting the offers.
4. यदि आपके उत्पाद के लिए उपयोग की जाने वाली पैकेजिंग सामग्री "वनस्पति से निर्मित सामग्री" (यानि पत्तियां, घास, लकड़ी आदि) श्रेणी के अंतर्गत नहीं आती है, तो कृपया इसे अपने उद्धरण में प्रमाणित करें और उपयुक्त निर्देशों को अनदेखा करें। तथापि, यदि आदेश आपको प्रदान किया जाता है, तो वास्तविक शिपमेंट के समय इसे अभिनिश्चित किया जाना चाहिए।
   If the packaging material being used for your product does not come under the category “material of plant origin” (i.e. Leaves, grass, wood etc.) Please certify the same in your quote and ignore the above instructions. However, the same should be ascertained at the time of actual shipment if the order is awarded to you.

## 17. प्रेषण DESPATCH

a. संविदाकार माल की प्रेषण प्रक्रिया को निर्दिष्ट करते हुए अग्रेषक/ एयरलाइंस/ परिवहन प्राधिकरणों की स्पष्ट रसीद प्राप्त करने के लिए जिम्मेदार है। माल पूर्ण एयरवे बिल/ लदान पत्र/ रेलवे/ लॉरी रसीद के साथ भेजा जाना चाहिए। क्रेता माल की कम आपूर्ति या गलत आपूर्ति के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। क्रेता केवल ऐसी सामग्री के लिए भुगतान करेगा जो वास्तव में संविदा के अनुसार उनके द्वारा प्राप्त किए गए हैं।
   The Contractor is responsible for obtaining a clear receipt from the freight forwarder/ airlines/ transport authorities specifying the despatch of goods. The consignment should be despatched with Airway Bill/ Bill of Lading/ Railway/ Lorry Receipt. Purchaser will take no responsibility for short deliveries or wrong supply of goods. Purchaser shall pay for only such stores as are actually received by them in accordance with the Contract.
b. जहां भी आवश्यक हो, परीक्षण प्रमाण-पत्र, वारंटी/ गारंटी प्रमाण-पत्र प्रेषण दस्तावेजों के साथ भेजा जाना चाहिए।

Wherever required, test certificates, warranty/ guarantee certificate should be sent along with the despatch documents.

c. इनवॉयस में क्रय आदेश/ संविदा संख्या, इनवॉयस संख्या, इनवॉयस तिथि, मूल देश का नाम होना चाहिए।
The Invoice shall contain Purchase Order/ Contract No., Invoice No., Invoice Date, Country of Origin.

d. वर्णन, भाग संख्या, विस्तारित वारंटी प्रभार, छूट, वैकल्पिक सामान का, जैसा लागू हो, इनवॉइस और पैकिंग सूची में स्पष्ट रूप से उल्लेख होना चाहिए और क्रय आदेश के अनुरूप होना चाहिए। आदेशित वस्तुओं के अलावा, यदि किसी भी वस्तु आपूर्ति की जाती है, तो उसे उचित टिप्पणियों के साथ इनवॉइस और पैकिंग सूची में भी दर्शाया जाना चाहिए और इसके मूल्य "केवल कस्टम उद्देश्य के लिए" घोषित किए जाए।
The description, part nos., extended warranty charges, discount, optional accessories, as the case may be, should be clearly mentioned in the invoice and packing list and should be in line with the purchase order. In addition to the ordered items, if any item(s) is supplied the same should also be stated in the invoice & packing list with appropriate remarks and its value shall be declared mentioning “for customs purpose only”.

e. इनवॉयस/ पैकिंग सूची में आइटम का निवल भार(कि.ग्रा. में) और प्रत्येक पैकेज का सकल भार कि.ग्रा. में) भी प्रदान करना चाहिए।
The Invoice/ Packing list should also provide Item wise net weight (in K.G.) as well as gross weight (in K.G.) of each package.

f. शिपमेंट से 5 दिन पहले इनवॉयस/ पैकिंग सूची की एक प्रति, क्रेता को अग्रेषित की जानी चाहिए, विशेष रूप से जब शिपमेंट आपूर्तिकर्ता के माल अग्रेषक/ कूरियर के माध्यम से होता है।
A copy of the Invoice/ Packing List to be forwarded to the Purchaser, 5 days in advance before shipment, particularly when the shipment is through Supplier’s freight forwarder/ courier.

g. उपरोक्त निर्देशों का अनुपालन न करने के कारण लगने वाले किसी भी प्रकार का प्रभार/ जुर्माना/ देनदारी आपूर्तिकर्ता के भुगतान से वसूली की जाएगी।
Any charges/ penalty/ demurrage due to non-compliance to the above instructions shall be recovered from the payment due to the Supplier.

## 18. विलंब प्रभार DEMURRAGE

संविदाकार को बैक/ केर्ता को प्रेषण दस्तावेजों की विलंब प्रस्तुति या इनवॉइस, पैंकिंग सूची इत्यादि जैसे अपूर्ण दस्तावेजों के कारण क्रेता द्वारा किए गए विलंब प्रभार/ जुर्माना, यदि कोई हो, वहन करना होगा।
The Contractor shall bear demurrage/ penalty charges, if any, incurred by the Purchaser due to delayed presentation of dispatch documents to the Bank/ Purchaser or on account of incomplete documents like invoice, packing list, etc.

## 19. स्टोर्स की स्वीकृति ACCEPTANCE OF STORES

a. क्रेता के प्रतिनिधियों को संविदा के अंतर्गत आपूर्ति की जाने वाली सभी स्टोर्स की सामग्री और कारीगरी का निरीक्षण, परीक्षण और जाँच करने के लिए संविदाकार के परिसर में निर्माण के दौरान सभी उचित समय पर जाने का अधिकार होगा और यदि उक्त स्टोर्स का हिस्सा किसी अन्य परिसर में निर्मित किया जा रहा है तो संविदाकार क्रेता के प्रतिनिधि द्वारा निरीक्षण, परीक्षण और जाँच करने की अनुमति इस प्रकार प्राप्त करेगा जैसे उपकरण संविदाकार के परिसर में निर्मित किए जा रहे हों। इस तरह के निरीक्षण, परीक्षण और जाँच हेतु संविदाकार इस संविदा के अंतर्गत बाध्यताओं से मुक्त नहीं होगा।
The Purchaser's representatives shall also be entitled at all reasonable times during manufacture to inspect, examine and test on the Contractor's premises the material and workmanship of all stores to be supplied under the Contract and if part of the said stores is being manufactured on other premises, the Contractor shall obtain for the Purchaser's representative permission to inspect, examine and test as if the equipment were being manufactured on the Contractor's premises. Such inspection, examination and testing shall not release the Contractor from the obligations under this Contract.

b. संविदाकार या उसके किसी उप-संविदाकार के परिसर में क्रेता के प्रतिनिधि द्वारा परीक्षण कुशलतापूर्वक परीक्षण करने के लिए संविदाकार आवश्यकता के अनुसार या क्रेता के प्रतिनिधि की युक्तिसंगत मांग के अनुसार निःप्रभार सहायता, श्रम, सामग्री, बिजली, ईंधन और उपकरणों को प्रदान करेगा।
For tests on the premises of the Contractor or of any of his sub- Contractors, the Contractor shall provide free of cost assistance, labour, material, electricity, fuel and instruments as may be required or as may be reasonably needed by the Purchaser's representative to carry out the tests efficiently.

c. जब स्टोर्स ने निर्दिष्ट परीक्षण पास कर लिया हो, तो क्रेता का प्रतिनिधि संविदाकार को लिखित में प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करेगा। संविदाकार आवश्यक होने पर क्रेता को परीक्षण/ णों के प्रमाण-पत्र की प्रतियाँ प्रदान करेगा।
When the stores have passed the specified test, the Purchaser's representative shall furnish a certificate to the effect in writing to the Contractor. The Contractor shall provide copies of the test/ s certificates to the Purchaser as may be required.

## 20. प्रशिक्षण TRAINING

क्रेता द्वारा मांग किए जाने पर, संविदाकार, क्रेता के इंजीनियरिंग/ तकनीकी कार्मिकों के प्रायोगिक प्रशिक्षण और संविदा/ स्टोर्स की समग्र विनिर्माण अवधि में विनिर्माण प्रक्रियाओं पर उनके सक्रिय सहयोग के लिए सुविधाएं प्रदान करेगा। ऐसे कार्मिकों की संख्या पर परस्पर सहमति से तय की जाएगी।
The Contractor shall, if required by the Purchaser, provide facilities for the practical training of Purchaser's engineering/ technical personnel and for their active association on the manufacturing processes throughout the manufacturing period of the Contract/ stores. Number of such personnel to be mutually agreed upon.

## 21. संविदाकार की देयता उत्तदायित्व CONTRACTOR'S DEFAULT LIABILITY

a. क्रेता नीचे दी गई परिस्थितियों में संविदाकार को चूक का लिखित नोटिस देकर संविदा को पूर्ण या आंशिक रूप से समाप्त किया जा सकता है।
The Purchaser may upon written notice of default to the Contractor terminate the Contract in whole or in part in circumstances detailed hereunder:

1. यदि क्रेता के अनुसार संविदाकार क्रय आदेश में निर्दिष्ट समय के भीतर या संविदाकार को क्रेता द्वारा दी गई विस्तारित अवधि के भीतर भंडारित सामग्री की सुपुर्दगी में विफल रहता है।
If in the judgment of the Purchaser the Contactor fails to make delivery of stores within the time specified in the Purchase Order or within the period for which extension has been granted by the Purchaser to the Contractor.

2. यदि क्रेता के अनुसार संविदाकार क्रय आदेश के किसी अन्य प्रावधान का अनुपालन करने में विफल रहता है।
If in the judgment of the Purchaser the Contractor fails to comply with any of the other provisions of the Purchase Order.

b. यदि क्रेता खंड 24 (क) के प्रावधानों के अनुसार संविदा को पूर्ण या आंशिक रूप से समाप्त करता है, तो परिसमाप्त स्टोर्स के सदृश्य क्रेता के पास उन शर्तों और रीति से, जिन्हें वह उचित समझता है, की खरीद करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, और इस तरह स्टोर्स की अंतिम आपूर्ति के लिए आवश्यक उचित समय तक संविदाकार ऐसे समान स्टोरों की किसी भी अतिरिक्त लागत और/ या खंड 14 में परिभाषित विलंब के लिए निर्णित हर्जाने की रकम के लिए क्रेता के प्रति उत्तरदायी होगा।
In the event the Purchaser terminates the Contract in whole or in part as provided in clause 24 (a), the Purchaser reserves the right to purchase upon such terms and in such a manner as Purchaser may deem appropriate, stores similar to that terminated and the Contractor shall be liable to the Purchaser for any additional costs for such similar stores and/ or for liquidated damages for delay as defined in clause 14 until such reasonable time as may be required for the final supply of stores.

c. यदि खंड 24(ए) के प्रावधानों में संविदा परिसमाप्त की जाती है, तो संविदा में प्रदत्त किन्ही अन्य अधिकारों के साथ-साथ क्रेता हकदारी के हस्तांतरण की मांग कर सकता है और क्रेता द्वारा निर्दिष्ट रीति के अनुसार निम्नलिखित में से किसी भी खंड के तहत क्रेता को सुपुर्दगी करेगा।:
If the contract is terminated as provided in clause 24(a), the Purchaser in addition to any other rights provided in the Contract, may require the Contractor to transfer title and deliver to the Purchaser under any of the following clauses in the manner as directed by the Purchaser:

1. कोई भी पूर्ण स्टोर्स Any completed stores
2. इस तरह के आंशिक रूप से पूर्ण स्टोर्स, ड्राइंग, सूचना और संपर्क अधिकार (इसके बाद विनिर्माण सामग्री कहा जाएगा) जिनका संविदाकार ने संविदा के निष्पादन के लिए विशेष रूप से उत्पादन या अधिग्रहित किया है। क्रेता संविदाकार को पूरा स्टोर्स के लिए और आपूर्तित एवं क्रेता द्वारा स्वीकृत विनिर्माण सामग्री के लिए संविदा मूल्य का भुगतान करेगा।
Such partially completed stores, drawing, information and contact right (hereinafter called manufacturing materials) as the Contractor has specifically produced or

acquired for the performance of the Contract as terminated. The Purchaser shall pay to the Contractor the Contract price for completed stores and for manufacturing material delivered and accepted by the Purchaser.

यदि क्रेता खंड 24(ए) में दिए गए संविदा को समाप्त नहीं करता है, तो संविदाकार संविदा के निष्पादन को जारी रखेगा, इस स्थिति में देरी के लिए संविदाकार खंड 14 के प्रावधानों के अनुसार क्रेता द्वारा स्टोर्स स्वीकृत किए जाने वाले निर्णित हर्जाने की रकम के लिए उत्तरदायी होगा।
In the event the Purchaser does not terminate the Contract as provided in clause 24(a), the Contractor shall continue the performance of the Contract in which case the Contractor shall be liable to the Purchaser for liquidated damages for delay as set out in clause 14 until the stores are accepted.

22. **प्रतिस्थापन REPLACEMENT**

यदि पारगमन के दौरान स्टोर्स या उसका कोई भाग क्षतिग्रस्त हो जाता है या खो जाता है, तो क्रेता पारगमन के दौरान क्षतिग्रस्त या गुमशुदा स्टोरों के विवरण प्रदान करते हुए संविदाकार को सूचना देगा। स्टोर्स के वांछित उपयोग में अनावश्यक देरी को टालने के लिए संविदाकार उचित समय के भीतर ऐसे स्टोर्स का प्रतिस्थापन करेगा।
If the stores of any portion thereof is damaged or lost during transit the Purchaser shall give notice to the Contractor setting forth particulars of such stores damaged or lost during transit. The replacement of such stores shall be effected by the Contractor within a reasonable time to avoid unnecessary delay in the intended usage of the stores.

23. **अस्वीकृति REJECTION**

अस्वीकृत स्टोर्स संविदाकार के जोखिम और जिम्मेदारी पर गंतव्य पर ही रहेंगे। यदि क्रेता द्वारा निर्धारित अवधि के भीतर संविदाकार से उनके निपटान के निर्देश प्राप्त नहीं किए होते हैं, तो क्रेता या उनके प्रतिनिधि को अपने विवेकाधिकार से, खारिज किए गए स्टोर्स को स्क्रैप या बेचने या संविदाकार के पूरे जोखिम और खर्चे पर संविदाकार के पते पर भेजने का अधिकार है, जिसमें वास्तविक भाड़ा संविदाकार द्वारा वहन किया जाएगा।
Rejected stores will remain at destination at the Contractor's risk and responsibility. If instructions for their disposal are not received from the Contractor within a period specified by the Purchaser, the Purchaser or their representative has, at their discretion, the right to scrap or sell or consign the rejected stores to Contractor's address at the Contractor's entire risk and expense, freight being payable by the Contractor at actuals.

24. **मध्यस्थता ARBITRATION**

यदि संविदा के संबंध में कोई विवाद या अंतर या किसी प्रकार का दावा का मामला उठता है, तो इस तरह के विवाद, अंतर या दावे को किसी भी पार्टी द्वारा मध्यस्थता के लिए भेजा जाएगा। भारतीय मध्यस्थता और समझौता अधिनियम, 1996 और उसके किसी भी वैधानिक संशोधन या पुनः अधिनियमन, उस समय के तहत बनाए गए नियम मध्यस्थता के लिए लागू होंगे। मध्यस्थ न्यायाधिकरण में तीन मध्यस्थ होंगे। विवाद के लिए संबंधित प्रत्येक पार्टी एक मध्यस्थ नियुक्त करेगी और इस प्रकार

पक्षों द्वारा नियुक्त किए गए दो मध्यस्थ एक तीसरे मध्यस्थ को नियुक्ति करेंगे जो 'प्रिसाइडिंग मध्यस्थ' के रूप में कार्य करेगा।

If any dispute or difference or claims of any kind arises in connection with Contract, such dispute or difference or claim shall be referred by either party to the Arbitration. The Indian Arbitration and Conciliation Act, 1996 and any statutory modifications or re-enactment thereof, rules made there under and for the time being in force shall be applicable to the Arbitration. The arbitral tribunal shall consist of three arbitrators. Each party to the dispute shall appoint one arbitrator and the two arbitrators so appointed by the parties shall appoint the third arbitrator who shall act as the 'Presiding Arbitrator'.

कोई भी पक्ष, किसी भी विवाद के तीस दिनों के भीतर एक मध्यस्थ को नियुक्त करेगा, अन्य पार्टी से दूसरे मध्यस्थ को नियुक्त करने के लिए लिखित में अनुरोध करेगा। यदि वह अन्य पार्टी लिखित अनुरोध की प्राप्ति के तीस दिनों के भीतर मध्यस्थ नियुक्त करने में विफल रहती है, तो मध्यस्थता और समझौता अधिनियम 1996 के अनुसार दूसरा मध्यस्थ पहले पार्टी के अनुरोध पर नियुक्त किया जाएगा। दूसरे मध्यस्थ की नियुक्ति के तीस दिनों के भीतर यदि पक्षों द्वारा या उनकी ओर से नियुक्त किए गए दो मध्यस्थ तीसरे की नियुक्ति पर सहमत होने में असफल रहते हैं और यदि पार्टी किसी अन्य पार्टी के अनुरोध पर अन्यथा सहमत नहीं हैं, तो तीसरा मध्यस्थ मध्यस्थता और समझौता अधिनियम, 1996 के अनुसार नियुक्त किया जाएगा। यदि कोई भी मध्यस्थ विफल या कार्य करने में असमर्थ रहती है, तो उसके उत्तराधिकारी को उस पार्टी या व्यक्ति द्वारा नियुक्त किया जाएगा जिसने मूल रूप से इस खंड में निर्धारित तरीके से नियुक्त की थी जैसे कि वह पहली नियुक्ति थी।

Any party shall, after appointing an arbitrator within thirty days of arising of any dispute, request the other party in writing to appoint the second arbitrator. If such other party fails to appoint an arbitrator within thirty days of receipt of the written request to do so, such arbitrator shall at the request of the first party, be appointed in accordance with Arbitration and Conciliation Act, 1996. If the two arbitrators appointed by or on behalf the parties fail to agree on the appointment of the third arbitrator within thirty days of the appointment of second arbitrator and if the parties do not otherwise agree, at the request of either party, the third arbitrator shall be appointed in accordance with Arbitration and Conciliation Act, 1996. If any of the arbitrators fails or is unable to act, his successor shall be appointed by the party or person who originally appointed such arbitrator in the manner set out in this clause as if he was the first appointment.

मध्यस्थ न्यायाधिकरण का निर्णय चार महीने के भीतर सुनाया जाएगा जब तक अन्यथा पक्षों पर विस्तारित नहीं किया जाता है, और मध्यस्थों के बीच अंतर के मामले में, बहुमत का निर्णय पक्षों पर अंतिम और बाध्यकारी होगा। इस संविदा के तहत विवादों को मध्यस्थता करने का अधिकार इस संविदा की समाप्ति या समाप्ति के बाद भी जीवित रहेगा। इस खंड के अनुसार मध्यस्थता कार्यवाही का स्थान भारत में अहमदाबाद होगा और अंग्रेजी भाषा में आयोजित किया जाएगा। प्रस्तुति के लंबति होने तथा/ अथवा विवाद, अंतर या दावे पर मध्यस्थ निर्णय आने तक; पक्षों को अपने सभी उत्तरदायितव इस संविदा के अधीन बिना किसी पूर्वाग्रह के ऐसे निर्णय के अंतिम समायोजन होने तक निर्वाह करते रहने होंगे। मध्यस्थ कार्यवाही और मध्यस्थ निर्णय के संबंध में किए गए शुल्क और किसी भी अन्य खर्च के संबंध में, मध्यस्थ न्यायाधिकरण को यह निर्धारित करने के लिए विवेकाधिकार होगा कि (ए) क्या एक पार्टी से किसी अन्य

पार्टी को लागत देय है ; (बी) ऐसी लागत की राशि; और (सी) ऐसी लागत का भुगतान कब किया जाना है।

The decision of the arbitral tribunal shall be pronounced within four months unless otherwise extended by the parties, and in case of difference among the arbitrators, the decision of the majority shall be final and binding on the parties. The right to arbitrate disputes under this Contract shall also survive even after expiry or the termination of this Contract. The venue of arbitration proceedings pursuant to this clause shall be India at Ahmedabad and shall be conducted in the English language. Pending the submission of and/ or decision on a dispute, difference or claim or until the arbitral award is published; the parties shall continue to perform all their obligations under this Contract without prejudice to a final adjustment in accordance with such award. Regarding fee and any other expenses incurred in connection with the arbitral proceedings and the arbitral award, the arbitral Tribunal shall have the discretion to determine (a) whether costs are payable by one party to another; (b) the amount of such costs; and (c) when such costs are to be paid.

25. **लागू कानून APPLICABLE LAW**

क्रय आदेश/ संविदा भारतीय कानून द्वारा शासित होगा और अधिकार क्षेत्र अहमदाबाद, गुजरात, भारत के न्यायालयों में होगा।

The Purchase Order/ Contract shall be governed by Indian Law and jurisdiction shall lie in the Courts of Ahmedabad, Gujarat, India.

26. **प्रति निबंधन एवं शर्तें COUNTER TERMS & CONDITIONS**

बोलीकर्ताओं द्वारा दिए गए प्रति निबंधन एवं शर्तें स्वीकार करने के लिए क्रेता बाध्य नहीं होगा जब तक कि क्रेता से विशिष्ट लिखित स्वीकृति प्राप्त नहीं की जाती ।

Counter terms and conditions offered by the bidders shall not be deemed to have been accepted by the Purchaser unless specific written acceptance thereof is obtained from the Purchaser.

27. **सुरक्षा हित SECURITY INTEREST**

संविदा के तहत उपलब्ध कराई जाने वाली प्रत्येक वस्तु पर, जिसमें ऐसी सामग्री शामिल है जिसका कार्य चल रहा है तथा जिसका भुगतान संविदा की शर्तों के तहत कर दिया गया है, क्रेता के पास ऐसी वस्तुओं का सुरक्षा ब्याज जमा होगा, जोकि क्रेता को ऐसी वस्तुओं की सुपुर्दगी तथा उसकी स्वीकृति के बाद जारी किया जाएगा। ऐसे सुरक्षा ब्याज में पूर्व प्रभार शामिल होगा जोकि किसी अन्य प्रभार अथवा एंटिटी द्वारा ऐसी सामग्रियों के मामले में सृजित ब्याज के संबंध में होगा।

On each item to be delivered under the Contract, including an item of work in progress in respect of which payments have been made in accordance with the terms of the Contract, Purchaser shall have a security interest in such items which shall be deemed to be released only at the time when the applicable deliverable item is finally accepted and delivered to the Purchaser in accordance with the terms of the Contract. Such

security interest of the Purchaser shall constitute a prior charge as against any other charge or interest created in respect of such items by any entity.

## 28. बकाया राशि की वसूली RECOVERY OF SUM DUE

दावे के किसी भी भुगतान में चाहे निर्धारित हो अथवा नहीं, संविदाकार के विरुद्ध संविदा से या उसके तहत राशि के भुगतान के लिए क्रेता, संविदाकार द्वारा जमा की गई सुरक्षा राशि का कुछ अंश वसूल करने अथवा पूर्ण राशि की वसूली करने का हकदार होगा, यदि सुरक्षा जमा के तहत कराया गया है। सुरक्षा अपर्याप्त होने की स्थिति में या संविदाकार से कोई सुरक्षा राशि जमा नहीं करायी गई है, तो शेष या वसूली राशि की उस समय देय राशि किसी भी राशि से या फिर बाद में संविदाकार को भुगतान की जाने वाली किसी अन्य राशि से कटौती की जाएगी। यदि यह पूर्ण राशि संविदाकार को देय राशि से वसूल किया जा पान संभव नहीं होता है तो संविदाकार को मांगे जाने पर क्रेता को शेष राशि का भुगतान करना होगा। इसी प्रकार, यदि क्रेता क्रय के साथ किए गए किसी अन्य संविदा के तहत संविदाकार के विरुद्ध कोई दावा करता है चाहें निर्धारित हो अथवा नहीं, तो सुरक्षा जमा राशि सहित संविदा के तहत संविदाकार को भुगतान की जाने वाली सभी राशि रोक दी जाएगी।जब तक कि क्रेता के ऐसे सभी दावों पर अंतिम समायोजन नहीं हो जाता है तथा संविदाकार द्वारा भुगतान नहीं कर दिया जाता है।

Whenever any claim for the payment of, whether liquidated or not, money arising out of or under the Contract against the Contractor, the Purchaser shall be entitled to recover such sum by appropriating in part or whole, the security deposited by the Contractor, if a security is taken against the Contract. In the event of the security being insufficient or if no security has been taken from the Contractor, then the balance or the total sum recoverable as the case may be, shall be deducted from any sum then due or which at any time thereafter may become due to the Contractor under this or any other Contract with the Purchaser. Should this sum be not sufficient to cover the full amount recoverable, the Contractor shall pay to the Purchaser on demand the remaining balance due. Similarly, if the Purchaser has or makes any claim, whether liquidated or not, against the Contractor under any other Contract with the Purchaser, the payment of all moneys payable under the Contract to the Contractor including the security deposit shall be withheld till such claims of the Purchaser are finally adjudicated upon and paid by the Contractor.

## 29. भाषा और माप LANGUAGE AND MEASURES

विनिर्देशों, अनुसूची, नोटिस पत्राचार, परिचालन और रखरखाव निर्देश, चित्र या अन्य लिखान सहित क्रय आदेश से संबंधित सभी दस्तावेज अंग्रेजी भाषा में लिखे जाएंगे। संविदा में माप की मीट्रिक प्रणाली का उपयोग किया जाएगा।

All documents pertaining to the Purchase Order including specifications, schedule, notice, correspondence, operating and maintenance instructions, drawings or other writings shall be written in English language. The metric system of measurement shall be used in the contract.

30. **क्षतिपूर्ति INDEMNITY**

संविदाकार वारंटी देगा और यह माना जाएगा कि वारंटी दी गई है इस संविदा के तहत आपूर्ति किए गए सभी स्टोर्स निःशुल्क हैं और किसी भी पेटेंट, कॉपीराइट या ट्रेडमार्क के नियमों का उल्लंघन नहीं करते हैं, और हर समय डिजाइन पेटेंट पंजीकरण डिजाइन या ट्रेड मार्क द्वारा संरक्षित किसी भी अधिकार के उल्लंघन के लिए स्टोर्स के संबंध में क्रेता के सभी दावों की क्षतिपूर्ति करेगा और दुर्घटनाओं या क्षति का जोखिम लेगा जो किसी भी कारण से आपूर्ति की विफलता का कारण बन सकता है और संविदा की पूर्णता के लिए उसके द्वारा प्रयुक्त सभी साधनों की पर्याप्तता की संपूर्ण जिम्मेदारी लेगा।

The Contractor shall warrant and be deemed to have warranted that all stores supplied against this Contract are free and clean of infringement of any Patent, Copyright or Trademark, and shall at all times indemnify the Purchaser against all claims which may be made in respect of the stores for infringement of any right protected by Patent Registration of Design or Trade mark and shall take all risk of accidents or damage which may cause a failure of the supply from whatever cause arising and the entire responsibility for sufficiency of all means used by him for the fulfilment of the contact.

31. **जोखिम खरीद RISK PURCHASE**

जहाँ वस्तुओं/ सेवाओं की समय पर सुपुर्दगी सर्वोपरि है और जहाँ विक्रेता अपने संविदात्मक दायित्वों को पूरा करने में विफल रहता है, वहाँ क्रेता के पास संविदाकार के जोखिम और खर्च पर संविदा/ खरीद पूरी करने का विकल्प होगा। जहाँ भी क्रेता द्वारा जोखिम क्रय खंड का प्रयोग किया जाता है, वहाँ संविदाकार, क्रय आदेश/ संविदा के मूल्य के विरुद्ध क्रेता द्वारा वहन की गई अतिरिक्त राशि, यदि कोई हो, का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगा। जोखिम क्रय का सहारा लेने से पहले, क्रेता को संविदाकार द्वारा की गई चूक के प्रभाव, आदेश/ संविदा में संविदाकार को दिए गए अवसरों, जोखिम क्रय खंड के प्रयोग हेतु संविदाकार को दी गई उचित सूचना और क्रेता द्वारा खर्च की गई अतिरिक्त राशि की वसूली की विधि पर विचार करना होगा।

Where timely delivery of goods/ services is of prime importance and where the vendor fails to fulfil their contractual obligations, the Purchaser shall have an option to complete the contract/ procurement at the risk and expense of the contractor. Wherever the risk purchase clause in invoked by the Purchaser, the contractor will be liable to pay the additional amount, if any, incurred by the Purchaser as against the value of the Purchase Order/ Contract. Prior to resorting to risk purchase the Purchaser shall consider impact of the default by the contractor, opportunities given to the contractor as available in the PO/ Contract, proper notice to the contractor to invoke risk purchase clause and method of recovering the additional amount spent by the Purchaser.

32. **समापन TERMINATION**

सामान्य परिस्थितियों में, संविदा की समाप्ति/ समयपूर्व समापन नहीं किया जाएगा। हालाँकि, निम्नलिखित परिस्थितियों में सैक के पास 30 दिनों की पूर्व सूचना देकर संविदा को पूर्णतः या आंशिक रूप से समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित है:

Under the normal circumstances, Termination/ Short Closing of the Contract is not foreseen. However, SAC reserves the right to terminate the Contract in whole or in part by giving 30 days prior notice under the following circumstances:

1. संविदा के संपादन में बार-बार गैर-निष्पादन के लिए
   For repeated non-performance in the execution of Contract.
2. यदि संविदाकार/ सेव प्रदाता ने संविदा प्राप्त करने के लिए गलत कथन किया है या झूठी घोषणा या धोखाधड़ी की है या वह किसी अनैतिक या अनुचित व्यापार प्रथाओं में शामिल पाया जाता है।
   If the contractor/ Service Provider is found to have made any false or fraudulent declaration of statement to obtain the Contract or found to be indulging in unethical or unfair trade practices.
3. जब दोनों पार्टी पारस्परिक रूप से समाप्ति के लिए सहमत होती हैं।
   When both the Parties mutually agree for termination.
4. यदि संविदाकार संविदा के तहत किसी अन्य दायित्व निर्वाह करने में विफल रहता है।
   If the Contractor fails to perform any other obligations under the Contract.
5. अगर संविदाकार दिवालिया हो जाता है या अन्यथा शोधनाक्षम हो जाता है।
   If the Contractor becomes bankrupt or otherwise insolvent.
6. सेवा की कमी के कारण, संविदा का उल्लंघन
   Owing to deficiency of service, breach of Contract.
7. संविदा अवधि के दौरान किसी भी समय अक्षमता, अनुशासन, अनियमितता, अनिश्चितता, काम में अव्यवस्था, अवज्ञा, संदिग्ध प्रत्यय-पत्र/ सत्यनिष्ठा इत्यादि के लिए।
   For inefficiency, indiscipline, irregularity, insincerity, indifference in work, disobedience, doubtful credentials/ integrity, etc., at any point of time during the Contract period.
8. कोई विशेष परिस्थिति, जिसे संविदा रद्द करने को उचित ठहराने के लिए दर्ज किया गया होना चाहिए।
   Any special circumstances, which must be recorded to justify the Cancellation of the Contract.

**<u>महत्वपूर्ण नोट IMPORTANT NOTE</u>**

यदि इस दस्तावेज में उल्लिखित निबंधन व शर्तों में से कोई भी आरएफपी/ तकनीकी दस्तावेजों के विपरीत है, तो आरएफपी/ तकनीकी दस्तावेजों में उल्लिखित शर्तें लागू होगी।
If any of the terms & conditions mentioned in this document is contrary to the RFP/ Technical documents, then the terms mentioned in RFP/ Technical documents shall prevail.
यह माना जाएगा कि बोलीकर्ताओं ने निविदा के निबंधन एवं शर्तों को नोट किया है तथा स्वीकार कर लिया है।

IT WILL BE DEEMED THAT BIDDERS HAVE NOTED AND ACCEPTED THE TERMS & CONDITIONS OF THE TENDER.

**अनुलग्नक ANNEXURE – III**

## दो-भाग निविदा हेतु निर्देश INSTRUCTIONS FOR TWO-PART TENDER

हम दो भागों में अर्थात् भाग I तकनीकी और वाणिज्यिक तथा भाग II मूल्य बोली के लिए निविदाएं आमंत्रित करते हैं ।
We are proposing to invite Tenders in Two Parts Viz. Part I Technical and Commercial & Part II Price.
सभी निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपना प्रस्ताव तैयार करने से पहले निम्नलिखित निर्देशों का ध्यानपूर्वक पढ़ लें।
All Tenderers are requested to follow carefully the following instructions before preparing their offer.

### भाग I: तकनीकी और वाणिज्यिक बोली PART I: TECHNICAL & COMMERCIAL BID
### भाग – (ए) तकनीकी Part – (a) Technical

**1)** इस भाग में तकनीकी पाठ्यसामग्री और पत्रक यदि कोई हो, सहित आपके द्वारा उद्धृत मदों के विस्तृत विनिर्देश शामिल होने चाहिए।
This part should contain detailed specifications of the items quoted by you along with Technical literature and leaflets if any.

**2)** आपके द्वारा उद्धृत मद और हमारे द्वारा निविदा की गई वस्तु के अनुपालन को दर्शाने वाला एक अनुपालन विवरण तैयार किया जाना चाहिए और इसके साथ संलग्न किया जाना चाहिए।
A compliance statement showing the compliance of the item quoted by you with that of item tendered by us should be prepared and enclosed to this.

**3)** निविदा से संबंधित तकनीकी और विनिर्देशों में मांगी गई कोई अन्य जानकारी भी इस भाग में आ सकती है।
Any other information called for in the tender related technical and specifications can also come in this part.

**4)** इस कवर में मूल्य न दर्शाया जाए।
Prices should not be indicated in this cover.

### भाग – (बी) वाणिज्यिक बोली: (मूल्य बिना)
### Part – (b) Commercial terms: (WITHOUT PRICES)

**1)** आपके द्वारा उद्धृत मद के लिए लागू वाणिज्यिक शर्तों को इस भाग में दर्शाया जाना चाहिए।
**2)** The commercial terms applicable for the item quoted by you should be indicated in this part.
**3)** यदि वाणिज्यिक शर्तों/संविदा संबंधी निबंधन एवं शर्तें के लिए कोई अनुपालन विवरण मांगा जाता है, तो उसे इस भाग में संलग्न किया जाना है।
**4)** If any compliance statement is called for the commercial terms / contractual terms and conditions, the same is to be attached in this part.
**5)** इस भाग में मूल्य नहीं दर्शाया जाना चाहिए। हालांकि, मूल्य बोली की एक प्रति (मूल्य दर्शाए बिना) इस भाग में संलग्न की जा सकती है, ताकि जिससे यह समझा में आ जाए कि आपके द्वारा उद्धृत की जाने वाली सभी आवश्यक मदें मूल्य बोली में उद्धृत की गई हैं। वैकल्पिक रूप से, यह दर्शाते हुए एक विवरण दिया जा सकता है कि निविदा के अनुसार सभी मदों के लिए मूल्य उद्धृत किया गया है और प्रारूप के अनुसार मूल्य बोली के साथ संलग्न किया गया है।
Prices should not be indicated in this part. However, a copy of the price bid (without prices) can be enclosed in this part to enable to understand whether all the items required to be quoted by you have been quoted in the price bid. Alternatively, a statement is to be made indicating that you have quoted prices for all the items as per the tender and enclosed in the Price Bid as per the format.

1) **वाणिज्यिक शर्तें जैसे सुपुर्दगी शर्तें, सुपुर्दगी अवधि, भुगतान शर्तें, वारंटी, प्रस्ताव की वैधता, स्थापना और कमीशनिंग, शुल्क और कर आदि इसमें शामिल होंगे।**
The Commercial terms such as delivery terms, delivery period, payment terms, Warranty, validity of the offer, installation & commissioning, duties and taxes etc., shall come into this.

**(i). निविदा में मांगी गई मदों के संदर्भ में या तो तकनीकी विनिर्देशन या उपर्युक्तानुसर निबंधन एवं शर्तें मदवार अत्यंत स्पष्ट रूप से दर्शायी जाएं।**

a. Either Technical Specifications or terms & conditions as above should be very clearly Reflected item-wise with reference to the items called for in the tender.

(ii). **कृपया ध्यान दें कि इस भाग में मूल्य न दर्शाया जाए।** Please note that the ***PRICE SHOULD NOT BE*** indicated in this part.

(iii). **उपर्युक्त विवरण के अनुसार तकनीकी और वाणिज्यिक भाग तैयार कर बंद लिफाफे में रखे जाएं और सीलबंद लिफाफे पर निम्नलिखित लिखा जाएगा और पता लिखा जाएगा:**

a. Technical and Commercial part as described above shall be prepared and put it in a sealed cover & super scribed and addressed as follows:

निविदा संख्या Tender No. :
नियत तिथि Due Date :
भाग । **PART I :**

**तकनीकी और वाणिज्यिक बोली**
**TECHNICAL & COMMERCIAL BID**

वरिष्ठ प्रधान क्रय एवं भंडार Sr. Head Purchase & Stores
अंतरिक्ष उपयोग केंद्र Space Applications Centre
अंबावाड़ी विस्तार पो.ऑ .Ambawadi Vistar P.O.
अहमदाबाद Ahmedabad – 380 015

प्रेषक From:

**भाग II: मूल्य बोली PART II : PRICE BID**

इस भाग में मदों का लागू मूल्य निविदा के संदर्भ में मद-वार दर्शाया जाएगा।
The prices applicable for the items, item-wise in response to the tender shall come into this part.

1) निविदाकर्ता को अपने तकनीकी प्रस्ताव के संदर्भ में मदवार मूल्य बहुत स्पष्ट रूप से इंगित करेगा।
Tenderer shall indicate very clearly item-wise prices with reference to their technical offer.
2) उपर्युक्तानुसार तैयार किए गए मूल्य भाग को लिफाफे में रखकर उस पर निम्नानुसार विवरण लिखा जाएगा:
Price part prepared as above shall be enveloped and superscribed as follows:

निविदा संख्या Tender No. :
नियत तिथि Due Date :
**भाग II PART II:**

**मूल्य बोली PRICE BID**

वरिष्ठ प्रधान क्रय एवं भंडार Sr. Head Purchase & Stores
अंतरिक्ष उपयोग केंद्र Space Applications Centre
अंबावाड़ी विस्तार पो.ऑ.. Ambawadi Vistar P.O.
अहमदाबाद Ahmedabad – 380 015

प्रेषक From:

उपर्युक्तानुसार तैयार किया गया तकनीकी और वाणिज्यिक लिफाफा (भाग I) और मूल्य बोली लिफाफा (भाग II) लिफाफे सहित एक अन्य लिफाफे में रखा जाए और निम्नानुसार विवरण लिखा जाए:

The Technical & Commercial envelope (Part I) and Price cover (Part II) prepared as above should be inserted in another envelope and super scribed as follows:

निविदा सं. Tender No. :
नियत तिथि Due Date :

**भाग-I और भाग II अलग-अलग सील कर अंदर रखे गए हैं**
**PART I & PART II ARE INDIVIDUALLY SEALED AND KEPT INSIDE:**

वरिष्ठ प्रधान क्रय एवं भंडार Sr. Head Purchase & Stores
अंतरिक्ष उपयोग केंद्र Space Applications Centre
अंबावाड़ी विस्तार पी.ओ. Ambawadi Vistar P.O.
अहमदाबाद Ahmedabad – 380 015

प्रेषक From:

**<u>महत्वपूर्ण नोट: Important Note:</u>**

**दो-भाग वाली निविदा होने के कारण, फैक्स/ईमेल उद्धरण स्वीकार नहीं किए जाएंगे। कृपया सुनिश्चित करें कि आपके प्रस्ताव नियत तिथि और समय से पहले प्राप्त हो गए हैं।**

**Being Two-Part Tender, fax/email quotations will not be accepted. Please ensure your offers are received before due date and time.**

उपरोक्त निर्देशों के विपरीत प्रस्तुत कोटेशन अस्वीकृत किए जाएंगे।

Quotations submitted contrary to above instructions are liable to be rejected.